वर्ष : 27 अंक : 137 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 08 मई, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8



( सैटेलाइट तस्वीर में दिखा जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी अड्डा )

# ऑपरेशन सिंदूर में 100 आतंकियों का खात्मा

## सर्वदलीय बैठक में बोले रक्षामंत्री राजनाथ, 'ऑपरेशन सिंदूर' जारी है



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पाकिस्तान के खिलाफ भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद आज सर्वदलीय बैठक हुई। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अगुवाई में बैठक हुई। इस बैठक में सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को ऑपरेशन सिंदूर के संबंध में जानकारी दी गई। सरकार ने विपक्ष के नेताओं को ऑपरेशन की पूरी ब्रीफिंग दी। पीएम ने इस बैठक के लिए एक खास मैसेज भी दिया। वहीं रक्षामंत्री ने सर्वदलीय बैठक में जानकारी दी कि 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी भी जारी है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## आतंकी अजहर का कुनबा उजड़ा, आतंकी अड्डा नष्ट

### सैटेलाइट तस्वीरों में दिखी भारत की सैन्य कार्यवाही





**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर आतंक के किले ढहा दिए। भारत की एयरस्ट्राइक में आतंक की ट्रेनिंग और भर्ती के इन ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया गया, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी गढ़ भी था. सैटेलाइट तस्वीरों से इस तबाही को साफ देखा जा सकता है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## पाकिस्तान के लाहौर और कराची में धमाके


**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत के पाकिस्तान पर हमले के बाद और मौके पर मौजूद गवाहों के हवाले से बताया है कि पाकिस्तान के पंजाब



पाकिस्तान में दहशत का माहौल है। अब पाकिस्तान के लाहौर शहर से एक के बाद तीन धमाकों की आवाज सुनाई दी है। दोपहर में पाकिस्तान के दूसरे शहर कराची में भी जोरदार धमाके की खबर आई है। रॉयटर्स समाचार एजेंसी ने जियो रिपोर्टिंग प्रांत के लाहौर शहर में धमाके हुए हैं। धमाकों की वजह से अफरातफरी मच गई है। लाहौर एयरपोर्ट बंद कर दिया गया है। विस्फोट के तुरंत बाद इलाके में सायरन की आवाजें सुनी गईं, जिससे आपात स्थिति और गंभीर हो गई। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## डर पर भारी आस्था

### पाक गोलीबारी में क्षतिग्रस्त गुरूद्वारे में हुई अरदास




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच पंजाब के सीमावर्ती इलाकों में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। पाक फौज द्वारा सीमावर्ती इलाकों में फायरिंग व राकेट दागे जा रहे हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' के जवाब में पाकिस्तान ने लगातार दूसरे दिन नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी तेज कर दी है। कुपवाड़ा, बारामूला, उरी, अखनूर और पुंछ जैसे इलाकों में पाकिस्तानी सेना ने गोले और मोर्टार दागे जा रहे हैं। इसी गोलीबारी में पुंछ में एक गुरुद्वारे को भी निशाना बनाया गया। इसके बावजूद सिख समुदाय ने हार नहीं मानी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### पंजाब में स्कूल बंद

तनाव को देखते हुए पंजाब के छह सीमावर्ती जिलों फिरोजपुर, पठानकोट, फाजिल्का, अमृतसर, गुरदासपुर, और तरनतारन में गुरुवार को सभी स्कूल बंद रहे। तरनतारन के डिप्टी कमिश्नर ने आदेश जारी कर 8 मई से 11 मई तक जिले के सभी स्कूलों को बंद रखने का निर्देश दिया. फिरोजपुर में अगले 72 घंटों तक और फाजिल्का में अगले आदेश तक स्कूल बंद रहेंगे। अमृतसर में भी ब्लैकआउट लागू किया गया और लोगों से घरों में रहने तथा लाइट बंद रखने की अपील की गई।

## पाकिस्तान की मांद में घुसकर सबक सिखाया : मुख्यमंत्री

**लखनऊ ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ आज नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में शामिल हुए। जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 494 सहायक अध्यापकों और 49 प्रवक्ताओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। इसके साथ ही ITC लैब से आच्छादित स्कूल प्रधानाचार्यों को प्रमाण पत्र दिए गए और राजकीय इंटर कॉलेजों के 23 मिनी स्टेडियम का शिलान्यास भी किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नियुक्तियां निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से की गई हैं।

उन्होंने कहा कि चयन प्रक्रिया में कोई सिफारिश नहीं हुई और मिशन रोजगार के तहत युवाओं को रोजगार मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि प्रदेश में शिक्षकों की कमी को पूरा किया जा रहा है और हर क्षेत्र में बदलाव और विकास दिखाई दे रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिक्षक समय के साथ बदलें। पाठ्यक्रम को उबाऊ न होने दें। नवाचार करें। बच्चों को छोटे-छोटे उदाहरणों से समझाएं। विकसित भारत में शिक्षकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रहने वाली है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश बदल रहा है। आज का भारत आत्मविश्वास से भरा हुआ है जो कि हर चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह सक्षम है। अभी कल ही दुनिया ने देखा कि हमने पाकिस्तान की मांद में घुसकर सबक सिखाया। ये विकसित भारत है और हमारा तो इतिहास रहा है कि हमने कभी किसी दूसरे देश में घुसकर हस्तक्षेप नहीं किया है। हम किसी को छेड़ते नहीं है पर जो हमें छेड़ता है हम उसको छोड़ते भी नहीं है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## कंटेनर में घुसी पुलिस वैन, 4 पुलिसकर्मियों व कैदी की मौत



**अलीगढ़ ( एजेंसी )।** पेशी के लिए फिरोजाबाद से मुजफ्फरनगर बंदी को लेकर जा रहा पुलिस का वाहन दिल्ली-आगरा हाइवे पर कंटेनर से टकरा गया। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। इनमें चार पुलिसकर्मी व एक बंदी शामिल है।

पुलिस वाहन में कुल छह लोग थे, एक पुलिसकर्मी घायल है। हादसे में मृत हेड कांस्टेबल बलबीर सिंह ग्राम बिर्रा थाना सासनी, हाथरस, हैड कांस्टेबल रघुवीर सिंह ग्राम कूपा थाना सादाबाद, हाथरस और हैड कांस्टेबल चालक चंद्रपाल सिंह मानागढ़ (शेष पृष्ठ-3 पर)

## गाजियाबाद में तैनात सीजीएसटी इंस्पेक्टर रिश्वत लेते गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** सीबीआई ने सीजीएसटी गाजियाबाद में



तैनात एक निरीक्षक को दो लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी निरीक्षक ने एक फर्म संचालक से आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) में कथित गड़बड़ी को लेकर 11 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। लेकिन दो लाख रुपये में सौदा तय हो गया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## 13 मई को जनपद आएंगी महिला आयोग की अध्यक्ष

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान 13 मई को सुबह 11.00 से कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के हितार्थ संचालित की जा रही योजनाओं से संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक तथा महिलाओं की समस्याओं के निस्तारण हेतु जनसुनवाई करेंगी। यह जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार ने दी।

उन्होंने बताया कि जनसुनवाई के उपरांत अध्यक्ष द्वारा अपना घर आश्रम (शेष पृष्ठ-3 पर)

## पुलिस कमिश्नर ने अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में किया बदलाव

**नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुदनगर की पुलिस आयुक्त



एफआरआरओ शाखा और नारकोटिक्स शाखा का पर्यवेक्षक भी बनाया गया है।

शासन से स्थानांतरित होकर गौतमबुद्धनगर में अपर पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) राजीव मिश्रा को रिट सेल का पर्यवेक्षक भी बनाया गया है। डीसीपी पुलिस लाइन यमुना प्रसाद को डीसीपी नोएडा की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। डीसीपी हेडक्वार्टर रविशंकर निम को

- **राजीव नारायण मिश्र को बनाया ज्वाइंट कमिश्नर ( लॉ एण्ड ऑर्डर )**
- **नोएडा फेज-1 के डीसीपी बने यमुना प्रसाद**

लक्ष्मी सिंह ने जनपद की कानून व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए पांच वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का तबादला व कार्यक्षेत्रों में बदलाव किए हैं।

नोएडा के डीसीपी रामबदन सिंह को अपर पुलिस आयुक्त यातायात नियुक्त किया गया है। उन्हें डीसीपी पुलिस लाइन का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।डीसीपी साइबर क्राइम प्रीति यादव को महिला सुरक्षा सेल का भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के नेतृत्व में यह प्रशासनिक फेरबदल शहर में बढ़ती चुनौतियों और सुरक्षा की (शेष पृष्ठ-3 पर)

## डूब क्षेत्र के अवैध निर्माणों पर अब बरपेगा कहर!

### प्राधिकरण व प्रशासन ने बनाई रणनीति, ध्वस्त होंगे अवैध निर्माण



**नोएडा ( चेतना मंच )।** जनपद गौतमबुद्धनगर में हिंडन तथा यमुना के डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ शीघ्र ही बुल्डोजर का कहर बरपेगा। नोएडा प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के साथ जला प्रशासन ने अवैध निर्माण ढहाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए एसडीएम के नेतृत्व में एक टीम गठित की जाएगी। इस टीम में प्राधिकरण के सीनियर मैनेजर, सिचाई विभाग और पुलिस के अधिकारी शामिल होंगे। ये टीम सर्वे करेगी और अवैध निर्माण को ध्वस्त करेगी। इस टीम का काम डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण को रोकना भी है। प्राधिकरण ने बताया कि इसी सप्ताह से यमुना और हिंडन दोनों के डूब क्षेत्र में बड़ी कार्यवाही देखने को मिल सकती है।

बैठक में सीईओ नोएड प्राधिकरण के अलावा डीएम , एसडीएम , पुलिस और प्राधिकरण सर्किल अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान बताया गया कि अवैध (शेष पृष्ठ-3 पर)

### हादसे पर नहीं मिलेगा कोई मुआवजा : अधिशासी अभियंता

**अधिशासी अभियंता सिंचाई निर्माण खंड गाजियाबाद ने जानकारी देते हुए बताया कि हिंडन तटवर्ती एवं रिंग बंध के निकट नदी के डूब क्षेत्र में ग्राम में बनी अवैध आबादी में यदि बाढ़ से कोई क्षति होती है। तो इसकी जिम्मेदारी अवैध निर्माण कर्ता की स्वयं की होगी। उसे किसी प्राकर की मुआवजा नहीं दिया जाएगा। एडवाइजरी जारी करते हुए कहा गया कि ऐसे लोग तत्काल प्रभाव से अपने अवैध निर्माण को हटा ले।**

### इन गांवों पर चलेगा पीला पंजा

**छजारसी, चोटपुर, यूसुफपुर, चकशाहबेरी, बहलोलपुर गढीचीखंडी, हैबतपुर, परथला, खंजरपुर, सोरखा जहीदाबाद, ककराला, अलीवर्दीपुर, जलपुरा, हल्द्वानी, कुलेसरा एवं हिंडन यमुना दोआब बंध के निकट ग्राम इलाहाबास, सूथियाना, शहदरा, लखनावली, बेगमपुर, मुबारकपुर, गुर्जरपुर, झट्टा बादोली बांगर, सफीपुर, चुहडपुर एवं मोमनाथल तक हिंडन नदी के डूब क्षेत्र की परिधि के अंतर्गत आते हैं एवं इसी बंध पर यमुना नदी बायें किनारे पर ग्राम मोतीपुर, तिलवाडा, गढ़ी समस्तीपुर, बादौली खादर, कोंडली खादर, कामबक्शपुर, गुलावली, दोस्तपुर मंगरौली, छपरौली, असदुल्लापुर तथा (हरियाणा साईड) दायें किनारे पर औरंगाबाद, दलेलपुर, याकूतपुर की भूमि डूब क्षेत्र की परिधि में आती है।**

## दो दिनों बाद गंदगी से मिलेगी निजात!

### एजी एनवायरो के सफाई कर्मियों की हड़ताल समाप्त



**नोएडा ( चेतना मंच )।** पिछले दो दिनों से नोएडा के विभिन्न सेक्टरों तथा गांव में जगह-जगह कूड़े की ढेर तथा गंदगी से अब निजात मिल जाएगी। कूड़ा उठाने वाली एजेंसी ए.जी. एनवायरो के सफाई कर्मियों ने हड़ताल वापस ले ली है। आज सभी सेक्टरों में कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां भेजी जा रही है ताकि दो दिनों से व्याप्त गंदगी से लोगों को निजात मिल सके।

नोएडा प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग के खंड-1 के वरिष्ठ प्रबंधक गौरव बंसल ने जानकारी दी है कि पिछले दो दिनों से चल रही हड़ताल अब वापस हो गई है। जिसके कारण आज से ही कूड़ा उठाने वाली ए.जी. एनवायरो की गाड़ियां सेक्टरों में भेजी जा रही है। संबंधित सेक्टरों की आरडब्ल्यूए तथा लोग इस काम में सहयोग प्रदान करें।

उधर ए.जी. एनवायरो के महाप्रबंधक शुभेंदु ने भी प्राधिकरण के दावे की पुष्टि करते हुए (शेष पृष्ठ-3 पर

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

## सेना का अपमान

अजय राय उप्र कांग्रेस के अध्यक्ष हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ा था और पराजित हुए थे। टीवी चैनलों पर एक वीडियो चलता रहा है, जिसमें अजय राय के हाथ में राफेल लड़ाकू विमान का खिलौना है, जिस पर नींबू और हरी मिर्च लटके हैं। यह हमारी प्राचीन परंपरा है। मान्यता है कि नींबू-मिर्च बांधने से दुर्भाग्य की देवी प्रसन्न होती हैं और अनिष्ट नहीं करतीं। जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राफेल का सौदा करने फ्रांस गए थे, तो उन्होंने एक विमान पर 'स्वास्तिक' बनाया था और विमान के पहियों पर नींबू-मिर्च बांधे थे। उस यूरोपीय देश को भी वह रीति-रिवाज अटपटे नहीं लगे थे। आस्था, विश्वास और रीति-रिवाज का सम्मान किया जाना चाहिए। अजय राय के अलावा, देश में किसी भी नेता और नागरिक को नींबू-मिर्च बांधने पर कोई आपत्ति नहीं है और न ही किसी ने 4-5 पीढ़ी के लड़ाकू विमान की 'आक्रामकता' पर कोई सवाल किया है। अलबत्ता पहलगाम नरसंहार के बाद जरूर कुछ सवाल किए गए हैं। यही तुष्टिकरण की राजनीति है। शायद उप्र कांग्रेस के अध्यक्ष को यह जानकारी नहीं है कि कांग्रेस मुख्यालय की नई इमारत पर नींबू-मिर्च अब भी लटके हैं। क्या अजय राय कांग्रेस के इस कथित अंधविश्वास का मजाक उड़ाने का दुस्साहस कर सकते हैं? इधर अजय राय राफेल का खिलौना लेकर देश की सेना का अपमान कर रहे हैं, उधर पाकिस्तान के टीवी चैनलों पर सुर्खियां छाई हैं कि भारत के सियासतदां मोदी सरकार के अंधविश्वास का मजाक उड़ा रहे हैं। समझ नहीं आता कि कांग्रेस कार्यसमिति में प्रस्ताव पारित किया जाता है, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बार-बार दोहरा रहे हैं कि पार्टी इस दौर में मोदी सरकार के साथ खड़ी है। सरकार पाकिस्तान और आतंकियों के खिलाफ जो भी फैसला लेगी, कांग्रेस उसका समर्थन करेगी, लेकिन कांग्रेस के कुछ प्रमुख नेता और प्रवक्ता अनर्गल सवाल उठा कर देश की फजीहत करने पर आमादा हैं। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने पाकिस्तान में 'सर्जिकल स्ट्राइक' पर ही सवाल उठाए हैं। बहरहाल राफेल पर तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान अभियान छेड़ा था और 'चौकीदार चोर है' का जुमला उछाल कर प्रधानमंत्री मोदी पर घूसखोरी का आरोप चस्पा किया था। बावजूद इसके कांग्रेस के सिर्फ 44 सांसद ही जीत कर संसद में आ पाए थे। सर्वोच्च अदालत ने न केवल फटकार लगाई थी, बल्कि 14 दिसंबर, 2018 को राफेल सौदे संबंधी याचिका को भी खारिज कर दिया था। आज देश युद्ध सरीखे हालात से गुजर रहा है। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को निर्देश भेजे हैं कि हवाई हमले के सायरन बजने, ब्लैक आउट, नागरिकों और छात्रों को युद्ध की आंशिक ट्रेनिंग आदि पर 'मॉक ड्रिल' की जाए। 1971 के बाद यह कवायद की जा रही है। प्रधानमंत्री ने सभी शीर्ष स्तरीय मुलाकातें और बैठकें की हैं। देश में हलचल महसूस की जा रही है, लेकिन अजय राय सवाल कर रहे हैं कि आखिर राफेल का कब इस्तेमाल किया जाएगा? उसके नींबू-मिर्च कब खोले जाएंगे? युद्ध और हमलों की जानकारी कभी सार्वजनिक की जाती है क्या? राफेल और अन्य सैन्य रणनीतियां भी एक किस्म का 'राष्ट्रवाद' हैं। एक डिजिटल आतंकवाद को भी आजकल 'राष्ट्रवाद' का नाम दिया जा रहा है। दरअसल ये हरकतें राष्ट्रवाद का मजाक ही हैं। पहलगाम नरसंहार की पीड़ित हिमांशी मात्र 6 दिन ही सुहागिन रह सकीं। उन्होंने अपने पति और देश की नौसेना ने अपने युवा लेफ्टिनेंट विनय नरवाल को खोया है, लेकिन एक भीड़ सोशल मीडिया के जरिए हिमांशी को ही ट्रोल कर रही है। उसे हिंदू-विरोधी, राष्ट्र-विरोधी और पाकिस्तान-समर्थक करार दे रही है। हिमांशी ने सिर्फ इतना कहा था कि आतंकियों को सजा दी जाए, लेकिन मुसलमानों और कश्मीरियों को निशाना न बनाया जाए। उसे जो कहा गया, यहीं हम राष्ट्रवाद की असली लड़ाई हार जाते हैं।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि एक बार वह राजा एक अच्छे घोड़े पर सवार होकर, शिकार का सब सामान सजाकर विंध्याचल के घने जंगल में गया और वहाँ उसने बहुत से उत्तम-उत्तम हिरन मारे॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**फिरत बिपिन नृप दीख बराहू। जनु बन दुरेउ ससिहि ग्रसि राहू॥**
**बड़ बिधु नहिं समात मुख माहीं। मनहुँ क्रोध बस उगिलत नाहीं॥**

राजा ने वन में फिरते हुए एक सूअर को देखा। (दाँतों के कारण वह ऐसा दिख पड़ता था) मानो चन्द्रमा को ग्रसकर (मुँह में पकड़कर) राहु वन में आ छिपा हो। चन्द्रमा बड़ा होने से उसके मुँह में समाता नहीं है और मानो क्रोधवश वह भी उसे उगलता नहीं है॥

**कोल कराल दसन छबि गाई। तनु बिसाल पीवर अधिकाई॥**
**घुरुघुरात हय आरौ पाएँ। चकित बिलोकत कान उठाएँ॥**

यह तो सूअर के भयानक दाँतों की शोभा कही गई। (इधर) उसका शरीर भी बहुत विशाल और मोटा था। घोड़े की आहट पाकर वह घुरघुराता हुआ कान उठाए चौकन्ना होकर देख रहा था॥

**दो0- नील महीधर सिखर सम देखि बिसाल बराहु।**
**चपरि चलेउ हय सुटुकि नृप हाँकि न होइ निबाहु॥**

नील पर्वत के शिखर के समान विशाल (शरीर वाले) उस सूअर को देखकर राजा घोड़े को चाबुक लगाकर तेजी से चला और उसने सूअर को ललकारा कि अब तेरा बचाव नहीं हो सकता॥ (क्रमशः...)

# सिंदूर के ठीक पूर्व जाति जनगणना

पाकिस्तानी आतंकियों द्वारा बाईस अप्रैल के पहलगाम अटैक के बाद कुछ लोग कह रहे थे कि यह देश का ध्यान बाँटने का केंद्र सरकार का प्रयत्न है। वस्तुत: जाति आधारित जनगणना की घोषणा का यदि कोई देवयोग था, तो वह पाकिस्तान पर भारतीय हमले की यह पूर्वसंध्या ही थी। यह देश को एक करने, एक रखने, एक दिशा में बढ़ाने का सर्वाधिक सटीक समय है। अब राष्ट्रीय संकट के इन दिनों, महीनों या वर्षों में हम जातिगत गणना भी करेंगे और सभी जातियाँ एकात्म होकर भारतीय सेना के संग खड़ी भी दिखेंगी। यही है नया भारत।

मूल बात- 'संघ का दृष्टिकोण- यदि, जातिगत जनगणना का उद्देश्य न्याय और कल्याण है, तो समर्थन है; यदि इसका उद्देश्य राजनीति और समाज को बांटना है, तो उसका सदैव ही विरोध है'।

भारत की एकता-अनेकता, खंडन-मंडन-विखंडन, रसता-समरसता, श्रेय-हेय, उत्कर्ष-निष्कर्ष, सफलता-असफलता, सबलता-निर्बलता आदि-आदि जैसे सभी तत्व हमारी जाति व्यवस्था के सुफलित होने पर ही निर्भर करता है। जाति व्यवस्था के उत्कृष्ट प्रयोग से हम हमारे देश संगठन का समुत्कर्ष प्राप्त कर सकते हैं तो निकृष्ट उपयोग से हम रसातल में भी जा सकते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भारतीय जाति व्यवस्था को लेकर यही राय रही है। इस राय के अनुरूप ही आरएसएस भारतीय जाति व्यवस्था पर समय-समय पर प्रयोग-अनुप्रयोग करता है और करता रहेगा।

अपनी सौ वर्षों की यात्रा में संघ का यह जाति विमर्श देश के समक्ष प्रामाणिकता से स्पष्ट व स्थापित है। इस अवसर पर आरएसएस सौ वर्षीय प्रामाणिक जातीय दृष्टिकोण निश्चित ही देश को इस निर्णय की व्यापक पूर्व अध्ययन जनित पीठिका का आभास देता है। 'संघ जो करेगा ठीक ही करेगा', आज देश का जनमानस ऐसा सोचने की सुलभ-सहज स्थिति में है। यह सब एकाएक नहीं हुआ है, यह संघ की शतवर्षीय अनथक, अनवरत यात्रा से उपजा तपोबल है। जनता स्पष्टत: जानती है, यदि भाजपा ने जातिगत गणना में तनिक भी राजनैतिक दृष्टिकोण रखा तो सर्वप्रथम संघ ही उसे रोकेगा।

संघ इस निर्णय को तब तक ही मानेगा जब तक यह 'न्याय और कल्याण' का उपकरण है। सामयिक, सटीक, नवनुतन रहने वाले संघ ने इस नवीन तथ्य को माना है कि 'कल्याणकारी शासकीय योजनाओं की सटीकता हेतु विवेचक सांख्यिकी अनिवार्य हैं। इस सांख्यिकी के बिना, शासकीय योजनाएं अनुचित वर्ग को लाभान्वित करती हैं, और, दूसरी ओर वंचित वर्ग वंचित ही



**भारत की एकता-अनेकता, खंडन-मंडन-विखंडन, रसता-समरसता, श्रेय-हेय, उत्कर्ष-निष्कर्ष, सफलता-असफलता, सबलता-निर्बलता आदि-आदि जैसे सभी तत्व हमारी जाति व्यवस्था के सुफलित होने पर ही निर्भर करता है।**

रह जाता है।

'उन्हें इतना सारा मिला, हमें केवल ही इतना मिला', जैसे भाव समाज में उभरने की पर्याप्त संभावनाएँ हैं। इन भावों के उन्मूलन में भी निश्चित ही अपनी सांगठनिक शक्ति, समाज में पैठ व शुचिता के आधार पर, संघ, देश की मदद कर पायेगा यह विश्वास है। बल्कि, यह भी कहा जा सकता है कि जातिगत जनगणना के मंथन में जो विष निकलेगा उसे पीना और नीलकंठ बनना केवल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वश की ही बात है। सुधिजन, श्रेष्ठीजन यहाँ यह प्रश्न कर सकते हैं कि यदि संघ को इस मंथन से विष निकलने का इतना ही विश्वास है तो फिर इस मंथन को संघ रोकने का प्रयास क्यों नहीं कर रहा?! इसका उत्तर है कि 'एक समय विशेष या कालखंड विशिष्ट में समाज का मंथन भी आवश्यक है और उससे निकले गरल कंठस्थ करना, नीलकंठ बनना और समाज को अमृतपान कराना भी आवश्यक है'। निश्चित ही संघ इस कार्य को भली भाँति कर पायेगा।

मूल भारतीय समाज में, अर्थात् हिंदू व हिंदू जनित अन्य धर्मावलंबियों के मानस में एक बात बड़ी स्पष्ट है- 'यदि समाज का कोई अंग पीछे है तो उसे आगे लाना ही है' जातिगत सांख्यिकी और उनके विकास के सटीक आंकड़ों से, कई आशंकाओं, विसंगतियों व विराधाभासों का शमन हो जाएगा।

इस आधार पर ही संघ ने केंद्र सरकार के जाति आधारित जनगणना के निर्णय के तत्काल बाद कहा- 'यदि जातिगत जनगणना का उद्देश्य न्याय और कल्याण है, तो समर्थन योग्य है; और, यदि इसका उद्देश्य राजनीति और समाज को बांटना है, तो उसका सदैव ही विरोध'। एक पंक्ति का कथन और सभी को स्पष्ट और दो टूक मार्गदर्शन! इस अवसर पर मुझे एक प्रसंग स्मरण में आता है- 'पिछले वर्षों की ही बात है, संघ का एक उच्चस्तरीय पंच दिवसीय चिंतन शिविर बड़ोदरा में आयोजित था। इस कार्यशाला में सर संघचालक जी, सभी सरकार्यवाह जी सहित, समूचा शीर्षस्थ नेतृत्व पूरे समय बिना किसी प्रोटोकाल के सभी कार्यकर्ताओं के मध्य ही भोजन, चर्चा, विश्राम में निमग्न रहता था। कार्यशाला के दूसरे दिन सत्र के मध्य ही किसी अन्य स्वयंसेवक ने मेरी जाति आधारित किसी बात पर तीक्ष्ण प्रतिक्रिया व्यक्त कर दी। मैंने कोई प्रतिक्रिया, प्रत्युत्तर नहीं दिया। पाँचवे दिन अपने समापन भाषण में संघ नेतृत्व ने बिना किसी का नाम लिए इस घटना उल्लेख किया- 'जिसने जातीय दृष्टिकोण से अपनी बात रखी उसने अपने अध्ययन से, सुधार की सकारात्मक आशा से बात रखी, किंतु, जिसने प्रतिक्रिया दी, उसने केवल जाति विशेष का प्रतिनिधि बनकर उत्तर दिया। ध्यान रहे, हम सब इस कार्यशाला में केवल और केवल एक स्वयंसेवक के रूप में सम्मिलित हुए हैं, किसी जाति का प्रतिनिधि बनकर नहीं।' संघ के उन शीर्षस्थ अधिकारी ने जिस कठोर शैली में अपनी इस बात को रखा था उससे संघ का यह स्पष्ट मत, पुनर्प्रसारित हुआ कि संघ के आयोजनों, चर्चाओं में जब हम आते हैं तो केवल एक स्वयंसेवक बनकर आना ही उचित होता है। अपनी जातिगत पहचान को हम अपने जूतों के साथ कक्ष के बाहर ही छोड़ आते हैं।

जाति आधारित जनगणना के निर्णय के संदर्भ में कुछ मत आए हैं, जैसे- जाति जनगणना, हिन्दुत्व की पुर्णाहुति है। और जैसे, अगर जाति जनगणना होती है तो यह संघ की नाभि नाल में जहर भर देने जैसा होगा। ऐसी और कितनी ही कठोर आशंकाओं के मध्य भी यदि संघ या भाजपा ने सुधार या सोशल रिफार्म का गरल होकर नीलकंठ होने का प्रयास किया है तो यह संघ की नित्य प्रार्थना के इस भाव को ही व्यक्त करता है- श्रुतं चैव यत्कण्टकाकीर्ण मार्गं, स्वयं स्वीकृतं न: सुगं कारयेत।। अर्थात, हे भारतमाता, हमें ऐसा ज्ञान दे कि स्वयं स्वीकृत व चयनित यह कंटकाकीर्ण (कांटो भरा) यह मार्ग सुगम हो जाये। स्वयंसेवक बाहुल्य वाली भाजपा ने जाति आधारित जनगणना का यह कांटो भरा मार्ग, राष्टहितार्थ स्वयं ही चुना है।

संघ की जाति संदर्भित अकाट्य व सर्वस्वीकृत मान्यता भी स्वयंसिद्ध सिद्धांत ही तो है- 'जातिवाद एक सामाजिक विकृति है, उसे समाज सुधार से हटाया जाना चाहिए, कानून से नहीं थोपना चाहिए।' संघ में बहुधा ही कहीं जाने वाली एक बड़ी सरल, सहज, सिद्ध पंक्ति भी संघ के जाति दर्शन को स्पष्ट करती है- 'हर समस्या का हाल केवल एक- हम सब हिंदू एक, हम सब हिंदू एक'। संघ पूज्य श्रीगुरुजी ने जो कहा, 'हमारा हिंदू समाज एक महासागर है- उसमें कोई उथला नहीं, कोई गहरा नहीं।' बाला साहब देवरस ने दोहराया- 'यदि स्वयं ईश्वर धरा पर उतरकर इस जातिगत भेदभाव को स्वीकार करने को कहेंगे, तो मैं उनकी बात भी नहीं मानूँगा'। तो आइए हम सभी जातियां मिलकर एक दूजे को सिंदूर लगाएँ और संघ की यह बात भी दोहराएँ कि 'जाति, हिंदू समाज की पहचान नहीं, उसका असंतुलन है। उसे दूर करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है।'

**- डॉ. प्रवीण दाताराम**
विदेश मंत्रालय, भारत सरकार में सलाहकार, राजभाषा

# सरसंघचालक की पहल से बदल सकती है जातिवाद की तस्वीर

राजनीतिक उद्देश्य के निहितार्थ ही सही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) ने अगड़े, पिछड़े और अंतरजातीय विवाह की शुरुआत करा कर देश में जातिवाद के दुष्चक्र को तोडने् की दिशा में एक सकारात्मक पहल की है। देश की तरक्की और एकता-अखंडता का अक्षुण रखने में समाज का जाति और उपजातियों में बंटा होना प्रमुख बाधा है। सदियों से चली आ रही जातिवाद की जड़े इतनी गहरी हैं कि इसको समूल उखाड़ कर देश का नवनिर्माण करना किसी दुष्कर चुनौती से कम नहीं है। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने वाराणसी में पिता बनकर 125 लड़कियों का कन्यादान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विवाह समाज निर्माण का आधार है। इस भव्य समारोह में सवर्ण, दलित और पिछड़े समाज के 125 जोड़ों का सामूहिक विवाह वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। इससे पहले भावगत और संघ परिवार कई बार हिन्दुओं की एकता की दुहाई दे चुके हैं। इस एकता में सबसे बड़ी बाधा जातिवाद है। आरएसएस की समझाइश के बावजूद जातिवाद का असर कम नहीं हुआ। इसके लिए सामूहिक विवाह की शुरुआत करा कर पहल की गई। जातिवाद तोडने् की दिशा में यह महज एक कदम है, जबकि फासला सैकड़ों मील का है। यह संभव है कि आरएसएस आगे भी इसी तरह की पहल को जारी रखे। एक-एक कदम बढ़ा कर ही शायद एक दिन बगैर जाति के राष्ट्रवाद का सपना साकार हो सके। इसमें अभी भी बाधाओं की कमी नहीं है। ऐसा नहीं है कि आरएसएस और भाजपा का इसमें कोई छिपा हुआ राजनीतिक एजेंडा नहीं है।

राजनीतिक सिद्धि के बावजूद यह प्रयास सकारात्मक ही माना जाएगा। भाजपा ने केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बना कर यह साबित किया भी किया है वोट बैंक की मौजूदा जातिवाद की राजनीति के बावजूद विकास की बुनियाद पर सत्ता प्राप्त की जा सकती है। इसका बड़ा उदाहरण राज्यों में मुख्यमंत्रियों के चयन में भी देखने को मिला। इससे पहले भाजपा भी अन्य राजनीतिक दलों की तरह राज्यों में बड़े नेताओं की बंधक बनी हुई थी। इन नेताओं की उपेक्षा करके चुनाव जीतना और किसी और को मुख्यमंत्री बनाना संभव नहीं था, किन्तु भाजपा ने यह भ्रम तोड़ दिया। इसके साथ जाति आधारित नेताओं के पार्टी को ब्लेकमेल किए जाने की परंपरा को भी पछाड़ दिया। हालांकि दूसरे राजनीतिक दलों में ऐसा करने का साहस अभी तक नहीं है, विपक्षी दलों में इसकी छटपटाहट जरूर नजर आती है।

अंतरजातीय विवाह करने पर अक्सर जातिवाद का कहर न सिर्फ नवविवाहितों को बल्कि उनके पूरे परिवार तक को झेलना पड़ता है। भारत के उत्तरी राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में ऑनर किलिंग आम हैं। भारत में ऑनर किलिंग तब होती है जब कोई जोड़ा



अपनी जाति या धर्म के बाहर शादी करता है। करनाल की एक सत्र अदालत ने खाप पंचायत के आदेश के विरुद्ध विवाह करने वाले एक युवा जोड़े की हत्या के लिए पांच लोगों को पहली बार मृत्युदंड की सजा सुनाई। इसने खाप पंचायत के एक सदस्य को आजीवन कारावास की सजा सुनाई, जिसने विवाह को अवैध घोषित कर दिया था और हत्या के समय वह मौजूद था।

सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र और आठ राज्यों को नोटिस जारी कर ऑनर किलिंग को रोकने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी मांगी। सरकार ने सतर्कतापूर्ण रुख अपनाते हुए भारतीय दंड संहिता में संशोधन करने और खाप पंचायतों (जाति आधारित संविधानेतर निकाय) पर लगाम लगाने के पूर्व कानून मंत्री एम. वीरप्पा मोइली के प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। हालांकि, इसने राज्यों से परामर्श करने और एक विशेष कानून बनाने की गुंजाइश पर विचार करने के लिए मंत्रियों के एक समूह का गठन करने का फैसला किया, जो ऑनर किलिंग को एक सामाजिक बुराई के रूप में मानेगा। प्रस्तावित ऑनर किलिंग कानून को लेकर विशेषज्ञों में मतभेद है। कुछ विशेषज्ञों का तर्क है कि अगर सही तरीके से लागू किया जाए तो मौजूदा कानून ऑनर किलिंग को रोकने के लिए पर्याप्त हैं, जबकि अन्य का मानना है कि ऑनर किलिंग की समस्या से निपटने के लिए अधिक सख्त और विशिष्ट प्रावधानों की आवश्यकता है। भारत में 2019 और 2020 में ऑनर किलिंग की संख्या 25-25 थी और 2021 में 33 थी।

दलित ह्यूमन राइट्स डिफेंडर्स नेटवर्क (डीएचआरडीनेट) द्वारा नेशनल काउंसिल फॉर विमेन लीडर्स (एनसीडब्ल्यू) के सहयोग से प्रकाशित एक रिपोर्ट में सात राज्यों- हरियाणा, गुजरात, बिहार, राजस्थान, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश- में जाति आधारित ऑनर किलिंग की तस्वीर सामने रखी थी। रिपोर्ट में 2012 से 2021 के बीच के 24 मामलों पर नजर डाली गई है और लगभग सभी मामलों में पीड़ितों/सर्वाइवर्स को रिश्ते या शादी का विरोध करने वाले परिजनों के हाथों अत्यधिक हिंसा का सामना करना पड़ा। रिपोर्ट में पाया गया कि कई मामलों में केवल एक व्यक्ति पर ही नहीं, बल्कि उसके परिवार के सदस्यों पर भी हमला किया गया। हरियाणा के एक मामले में अनुसूचित जाति से ताल्लुक रखने वाले एक पूरे परिवार की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। इसमें तमिलनाडु में एक अन्य मामले में एक जोड़ा ऐसा था, जो अंतरजातीय संबंध में था और साथ घर छोड़कर कहीं जाकर छिप गया था। चूंकि वे मिले नहीं, इसलिए लड़की के परिवार वालों ने बदला लेने के लिए लड़के की बहन का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी। इस मामले में पुरुष अनुसूचित जाति से और महिला थेवर जाति की थी। भारत में सम्मान आधारित अपराधों के लिए कोई विशेष कानून नहीं है। इन मामलों की आईपीसी के मौजूदा प्रावधानों के तहत जांच की जाती है, और जब पीड़ित अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति समुदाय से ताल्लुक रखता है तो एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम लागू होता है।

वर्ष 2012 में भारत के विधि आयोग ने सिफारिश की थी कि विशेष रूप से 'ऑनर क्राइम' के लिए एक अलग कानून बनाया जाए। रिपोर्ट के हिस्से के तौर पर एक विधेयक ड्राफ्ट भी किया गया और उसमें किसी जोड़े को डराने-धमकाने के अपराधीकरण समेत विशिष्ट कानूनी कार्रवाई प्रस्तावित की गई थी। हालांकि, 'किसी भी सांसद ने इस बिल को संसद में पेश नहीं किया।' रिपोर्ट बताती है कि विधि आयोग के किए कार्य को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। वर्ष 2018 में, शक्ति वाहिनी बनाम भारत सरकार के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने ऑनर किलिंग को एक गंभीर मुद्दे के रूप में मान्यता दी और ऑनर क्राइम की रोकथाम के लिए राज्य एवं पुलिस प्रशासन की जवाबदेही और जिम्मेदारी तय की।

**- योगेंद्र योगी**

## राशिफल

**वैशाख शुक्ल पक्ष एकादशी** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
समय में थोड़ा सा सुधार हुआ है। सूर्य का लग्न में आ जाना आपकी राशि में आ जाना, ये बहुत अच्छा हो गया है आपके लिए।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
सरकारी तंत्र से कोई भी पंगा मत लीजिएगा। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान की स्थिति भी मध्यम है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
सरकारी तंत्र का बहुत लाभ रहेगा। स्वास्थ्य थोड़ा सा मध्यम रहेगा और भावुकता में आकर कोई निर्णय मत लीजिएगा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम, संतान का साथ है। व्यापार बहुत अच्छा है। बस कलह खासकर घरेलू कलह से बचिएगा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
पराक्रम रंग लाएगा। स्वास्थ्य में सुधार हो चुका है। हालांकि अभी अष्टम भाव में ग्रहों का जमावड़ा लगा हुआ है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
धनार्जन करेंगे। अपनों में वृद्धि होगी। कुटुंबों की संख्या बढ़ेगी। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम है। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। थोड़ा सा सुधार हर चीज में दिख रहा है। स्वास्थ्य, प्रेम, संतान, व्यापार ठीक-ठाक दिख रहा है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
मन व्याकुल रहेगा। तनावग्रस्त रहेंगे। स्वास्थ्य थोड़ा ठीक-ठाक कहा जाएगा। प्रेम, संतान की स्थिति भी ठीक है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
यात्रा का योग बनेगा। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। नए स्तोत्र से भी पैसे आएंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य ठीक-ठाक। प्रेम, संतान की स्थिति भी ठीक है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भाग्य साथ देगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान थोड़ा मध्यम है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। बचकर पार करें। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम, संतान भी मध्यम है।

# अल्पसंख्यक प्रबुद्ध सम्मेलन का कार्यक्रम निरस्त

## कार्यकर्ताओं से मिलकर वापस ग्रेटर नोएडा लौट गए उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक

**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक का सेक्टर-12 के शिशु मंदिर में घोषित अल्पसंख्यक प्रबुद्ध वर्ग का सम्मेलन निरस्त हो गया।

### पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत





नतीजा बृजेश पाठक संशोधित वक्फ बिल की जानकारी दिए बिना कार्यकर्ताओं तथा अधिकारियों से औपचारिक मुलाकात करके वापस ग्रेटर नोएडा के कार्यक्रम चले गए।

निर्धारित समय पर बृजेश पाठक सेक्टर-12 के सरस्वती शिशु मंदिर में करीब 3:30 बजे पहुंच गए। पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से मिलकर औपचारिकता पूरी करके वापस चले गए। उन्हें यहां पर अल्पसंख्यक प्रबुद्ध वर्ग के सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर संशोधित वक्फ बिल के बारे में संबोधित करना था। लेकिन किसी कारणवश्यक कार्यक्रम निरस्त हो गया।

इस मौके पर नोएडा के विधायक पंकज सिंह, भाजपा के महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, डॉ. वीएस चौहान, योगेन्द्र चौधरी, विनोद त्यागी, अहसान खान, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, उमेश त्यागी, गणेश जाटव, उमेश पहलवान, रामनिवास यादव, अशोक मिश्रा, अर्पित मिश्रा, सत्यम भदोरिया, वरिष्ठ नेत्री गिरिजा सिंह, डिंपल आनंद, चमन अवाना, चंदगीराम यादव, शिवांश श्रीवास्तव, महेश अवाना, धर्मेन्द्र गुप्ता, रचना जैन, विनोद शर्मा, तुषार गोयल, पुनीत शुक्ला समेत भाजपा की सैकड़ों पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता मौजूद थे।

---

# जनपद से ट्रेनिंग पर भेजे गए 'आपदा मित्र'

**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देश पर 48 जनपदों में दो चरणों में 100-100 स्वयंसेवक/वॉलिंटियर का चयन करते हुए कुल 4800 आपदा मित्रों को 12 दिवसीय आवश्यक प्रशिक्षण राज्य आपदा मोचन बल केंद्र लखनऊ द्वारा दिया जाना है। जनपद गौतमबुद्धनगर से आपदा मित्रों को 12 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के लिए कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसमें एनसीसी, पीआरडी मंगल दल आदि के युवक-युवतियां सम्मिलित रहे।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार के मार्गदर्शन में जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुर्वेदी द्वारा आपदा मित्र परियोजना का संचालन किया गया। जिला आपदा विशेषज्ञ ने बताया कि यह 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 मई 2025 तक चलेगा, जिसमें राज्य आपदा मोचन बल द्वारा आपदा मित्रों को तैराकी,बचाव के तरीके, फर्स्ट एड, सीपीआर आदि चीज सिखाई जाएंगी। प्रशिक्षण के उपरांत 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण करने की सर्टिफिकेट एवं आपदा मित्र की आइडेंटिटी कार्ड भी दी जाएगी।




प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक स्वयंसेवक वालंटियर को शासन द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुसार एक इमरजेंसी रिस्पांडर किट प्रदान करते हुए बीमा पॉलिसी भी निर्गत की जाएगी। आपदा मित्रों की प्रशिक्षण में ठहरने भोजन प्रशिक्षण संबंधी सामग्री आवागमन हेतु वह इत्यादि राज्य आपदा मोचन बाल लखनऊ द्वारा की गई है। उन्होंने बताया कि आपदा मित्र अपने-अपने गांव और शहरों में किसी आपदा की स्थिति में फर्स्ट रिस्पांडर के रूप में आपदा से बचाव का कार्य करेंगे।

# होटल, ढाबा व घरों में मजदूरी करने वाले 668 बच्चों का रेस्क्यू

**नोएडा (चेतना मंच)।** पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में एवं डीसीपी महिला सुरक्षा के पर्यवेक्षण में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा लगातार बाल मजदूरी व शोषण के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा होटल/ढाबा व अन्य स्थानों पर मजदूरी कार्य में लिप्त कुल 668 बच्चों का रैस्क्यू कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा सतर्कता और निगरानी बढ़ाते हुए ऐसे स्थानों की पहचान की गयी जहां पर जबरन नाबालिग बच्चों से मजदूरी व अन्य कार्य कराये जा रहे थे। पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर जबरन नाबालिग बच्चों से मजदूरी कराने आदि अपराधों पर प्रभावी रोक लगायी गई है।

कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक विशेष अभियान चलाकर होटल/ढाबाओं पर काम कर रहे कुल 165 बच्चो व अन्य स्थानों पर मजदूरी में लिप्त 502 बच्चो का रैस्क्यू कराया गया है। थाना सेक्टर-142 क्षेत्र के अंतर्गत एक सोसाइटी में एक फ्लैट के अंदर एक नाबालिग बच्ची से जबरन घर का काम कराये जाने की सूचना प्राप्त होने पर स्थानीय पुलिस टीम द्वारा छापा मारकर बच्ची का सफल रैस्क्यू किया गया था तथा फ्लैट मालिक व उसकी पत्नी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की गयी। इस प्रकार दिनांक 01.01.2023 से दिनांक 30.04.2025 तक कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा कुल 668 बच्चों का रैस्क्यू किया जा चुका है।

### बच्चों का पुनर्वास भी

कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा नाबालिग बच्चों का रैस्क्यू कराने के साथ-साथ कई संस्थाओं के माध्यम से ऐसे बच्चो को पुनर्वास सेवाएं और सहायता प्रदान की गई है। इन सभी बच्चो की शिक्षा व अन्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के साथ-साथ पुलिस टीम द्वारा इनके परिजनों को भी भविष्य में मजदूरी कराने पर विधिक कार्यवाही करने के संबंध में चेतावनी दी गई है। शिक्षा के माध्यम से ऐसे बच्चो और उनके परिवारों को समाज के साथ पुन: जो ?ने हेतु महत्वपूर्ण कदम उठाये गये है। जिससे भविष्य में शिक्षा के माध्यम से ऐसे बच्चो को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान हो सके। सभी बच्चो की समय-समय पर पुलिस टीम द्वारा काउंसलिंग भी की जाती है।

# औद्योगिक सेक्टरों में अतिक्रमण हटाने के लिए चलेगा अभियान

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)** ग्रेटर नोएडा के औद्योगिक सेक्टरों में अतिक्रमण हटाने के लिए जल्द ही अभियान चलाया जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन और इंडियन एंट्रेप्रिन्योर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में परियोजना विभाग को यह निर्देश दिए।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा के उद्यमियों की समस्याओं को हल करने के लिए प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देष पर प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव उद्योग विभाग की टीम के साथ नियमित तौर पर अलग-अलग उद्यमियों और उनके संगठनों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का निस्तारण कर रहे हैं। बुधवार को भी उद्यमियों के साथ एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव, महाप्रबंधक वित्त विनोद कुमार, ओएसडी नवीन कुमार सिंह और महाप्रबंधक एके सिंह ने बैठक की, जिसमें उद्यमियों ने औद्योगिक सेक्टरों में सड़कों पर अतिक्रमण की समस्या को प्रमुखता से उठाया। एसीईओ ने महाप्रबंधक परियोजना एके सिंह से औद्योगिक सेक्टरों में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाने को कहा है। इसके साथ औद्योगिक सेक्टरों में सड़कों पर लग रही वीकली मार्केट के लिए उचित जगह चिंहित करने के निर्देष दिए। औद्योगिक सेक्टरों में सड़कों पर स्ट्रीट लाइट कम होने की वजह से अंधेरा रहता है। एसीईओ ने इस समस्या को भी जल्द दूर करने का आश्वासन दिया। उद्यमियों ने लोकल ट्रांसपोर्ट का भी मुद्दा उठाया, जिस पर एसीईओ ने ग्रेटर नोएडा के लिए 100 इलेक्ट्रिक बसें चलाने की तैयारी के बारे में जानकारी दी। औद्योगिक सेक्टरों में फैसिलिटी प्लॉट पर क्योस्क और ट्वॉयलेट की सुविधा देने की मांग पर भी जल्द निर्णय लिए जाने की बात कही। इसके अलावा पानी सप्लाई के बिल आने की समस्या का जल्द हल निकालने की बात कही। बैठक में परियोजना विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक नरोत्तम सिंह, प्रबंधक उद्योग अरविंद मोहन सिंह सहित कई अधिकारीगण व उद्यमी मित्र प्रतिनिधि मौजूद रहे।




## पृष्ठ एक के शेष....

**सर्वदलीय बैठक में बोले ....**

सरकार की ओर से इस बैठक में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजीजू, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, विपक्ष की ओर से राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बैठक में शामिल हुए। इस बैठक के लिए पीएम मोदी ने संदेश भी दिया। पीएम ने कहा कि हर भारतीय नागरिक को एकजुट होने की जरूरत है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सर्वदलीय बैठक में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय हमलों में कम से कम 100 आतंकवादी मारे गए। सर्वदलीय बैठक के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, 'हमने सरकार को अपना पूरा समर्थन दिया है। जैसा कि मल्लिकार्जुन खरगे जी ने कहा, कि उन्होंने (सरकार ने) कहा कि कुछ चीजें ऐसी हैं जिन पर हम चर्चा नहीं करना चाहते...सबने सपोर्ट किया है।' वहीं ओवैसी ने कहा कि सवर्दलीय बैठक में मैंने यह सुझाव दिया कि टीआरएफ के खिलाफ एक वैश्विक अभियान चलाना चाहिए। साथ ही हमें FATF में पाकिस्तान को ग्रे-लिस्ट करने के लिए भी प्रयास करना चाहिए।

सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस की ओर से अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, टीएमसी की ओर से सुदीप बंद्योपाध्याय, डीएमके की ओर से टीआर बालू, टीडीपी की ओर से कृष्णा, जेडीयू की ओर से संजय झा, एलजेपी की ओर से चिराग, शिवसेना की ओर से श्रीकांत शिंदे, यूबीटी की ओर से संजय राऊत, एनसीपी (एसपी) की ओर से सुप्रिया सुले, सपा की ओर से रामगोपाल यादव, एनसीपी की ओर से प्रफुल्ल पटेल, IUML की ओर से ईटी मोहम्मद बशीर, लेफ्ट की ओर से जॉन ब्रिटास, आरजेडी की ओर से प्रेम गुप्ता, AIMIM असद ओवैसी और 'आप' की ओर से संजय सिंह ने भाग लिया है।

**आतंकी अजहर का ...**

उधर भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान में दहशत है। यहां के लाहौर व कराली शहर में जोरदार धमाके की भी खबर है।

भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' से कुछ घंटे बाद ही इन सैटेलाइट तस्वीरों में देखा जा सकता है कि मंगलवार रात की भारत की सैन्य कार्रवाई में बेहद सटीक निशाना बनाकर इन आतंकी अड्डों को नष्ट किया गया।

इन सैटेलाइट तस्वीरों में देखा जा सकता है कि पाकिस्तान के बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का मुख्य आतंकी प्रशिक्षण केंद्र सुभान अल्लाह को किस कदर नष्ट किया गया. इस मरकज के परिसर में बनी मस्जिद के तीन गुंबद हमले में नष्ट हो गए जबकि बाकी बाकी दो बचे रह गए। तस्वीरों में 2100 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र में फैले इस परिसर में मलबे का ढेर देखा जा सकता है।

पाकिस्तान स्थित आतंकी सरगना मसूद अजहर के ठिकाने पर भारतीय सेना ने भारी तबाही मचाई है। भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के नाम से ये कार्रवाई की है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के अंदर 100 किलोमीटर दूर बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालय सहित अन्य ठिकानों पर हमला किया था।

आतंकवाद के खिलाफ भारत की सैन्य कार्रवाई में पाकिस्तान के टॉप आतंकी मसूद अजहर का कुनबा उजड़ गया. भारत की एयरस्ट्राइक में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी अजहर के परिवार के 10 सदस्य मारे गए हैं जबकि उसके चार गुर्गे भी ढेर हो गए हैं।

जैश-ए-मोहम्मद ने बयान जारी कर इस घटना की पुष्टि की है. एयरस्ट्राइक में मारे गए अजहर के परिवार के सदस्यों और करीबियों को आज ही दफ्नाया जाएगा. मसूद अजहर, भारत और दुनिया के मोस्ट वॉन्टेड आतंकवादियों में शुमार है।

**पाकिस्तान के लाहौर और ....**

रिपोर्ट में कहा गया है कि वाल्टन हवाई अड्डे के पास एक ड्रोन देखा गया। रिपोर्टों के अनुसार लाहौर में असकरी 5 के पास भी दो जोरदार धमाके सुने गए, नौसेना कॉलेज से धुआं उठता हुआ दिखाई दिया।

बताया जा रहा है लाहौर के गोपाल नगर और नसीराबाद इलाके में वाल्टन रोड पर वाल्टन एयरपोर्ट के पास कई धमाकों की आवाज सुनी गई। इस वजह से लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए और बताया कि उन्हें सामने आता हुआ धुएं का गुबार दिखाई दिया। इसके बाद तुरंत जानकारी मिलते ही पुलिस और बचाव दल वाल्टन रोड पर पहुंच गए हैं।

**डूब क्षेत्र के अवैध....**

निर्माण के चलते जब भी दोनों नदियों का पानी बढ़ता है यहां बाढ के हालात बन जाते है। जिससे जन हानि होने की संभावना रहती है। ऐसे में यहां अवैध निर्माण को रोका जाए साथ ही जो निर्माण चल रहे है उनको रुकवाया जाए। ताकि नदियों के प्रवाह को सही रखा जा सके। बता दे इससे पहले नोएडा प्राधिकरण सिचाई विभाग के साथ मिलकर हिंडन में दो बार अवैध निर्माण पर कार्यवाही कर चुका है।

डूब क्षेत्र में भवन, स्कूल, फार्म हाउस, क्रेशर प्लांट, होट मिक्स प्लांट, कंक्रीट रेडी मिक्स प्लांट एवं बदरपुर सैंड की धुलाई की होदियां आदि अवैध निर्माण है। बाढ़ के कारण इन अवैध निर्माणों के क्षतिग्रस्त होने से भारी जन-धन की हानि हो सकती है। यह निर्माण बस्ती अवैध होने के कारण बाढ़ के समय सिंचाई विभाग, जिला प्रशासन एवं शासन द्वारा सुरक्षा प्रदान किया जाना सम्भव नहीं हो सकेगा।

शासनादेश संख्या-1417वी 16 मार्च 2010 एवं एनजीटी के 20 मई 2013 द्वारा ये निर्माण प्रतिबंधित कर रखे है। ये भी निर्देशित किया गया है कि इस प्रकार के अवैध निर्माण के कारण बाढ से होने वाली क्षति की कोई प्रतिपूर्ति शासन द्वारा नहीं की जायेगी। बाढ सुरक्षा कार्य नहीं कराये जायेंगे। साथ ही अवैध निर्माण से होने वाली क्षति की वसूली अवैध निर्माणकारियों से की जाएगी।

**दो दिनों बाद....**

कहा है कि सफाईकर्मियों का विवाद समाप्त हो गया है तथा सफाईकर्मियों ने हड़ताल वापस ले ली है अब सभी सेक्टर में कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां भेजी जा रही हैं।

मालूम हो कि पिछले दो दिनों से सफाईकर्मियों की हड़ताल के कारण सभी सेक्टरों में गंदगी का आलम व्याप्त हो गया था। जगह-जगह कूड़े के ढेर के कारण महामारी फैलने की आशंका बढ़ रही थी। सभी सेक्टरों के आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी लगातार नोएडा प्राधिकरण से गंदगी की शिकायत कर रहे थे लेकिन अब हड़ताल समाप्त होने के बाद में गंदगी तथा कूड़े उठाने की समस्या से निजात मिल जाएगी।

**पुलिस कमिश्नर ने ....**

जटिलताओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है। यह कदम पुलिस बल के कार्य को बेहतर तालमेल, स्पष्ट जिम्मेदारी और सुव्यवस्थित संचालन की दिशा में मील का पत्थर माना जा रहा है।

**कंटेनर में घुसी पुलिस वैन....**

थाना नौहझील, मथुरा के निवासी थे। घटना रसूलपुर के पास आज सुबह करीब साढ़े नौ बजे की है। कंटेनर सड़क किनारे खड़ा हुआ था।

अलीगढ़ हादसे में मृत सजायाफ्ता बंदी मुजफ्फरनगर के सिकरी, भोपा निवासी गुलशन हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा हुई है। वह फिरोजाबाद जेल में बंद था। गैंग्सटर के मामले में पेशी पर ले जाया जा रहा था।

एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक ने बताया कि जनपद फिरोजाबाद से पुलिसकर्मी सरकारी पुलिस वाहन द्वारा मुजफ्फरनगर निवासी गैंगस्टर के मुलजिम गुलशनवर को पेशी के लिए मुजफ्फरनगर ले जा रहे थे। पुलिस वैन चिकावटी मोड़ पर खड़े कैंटर से टकरा गई। जिसमें एसआई रामसजीवन, कांस्टेबल बालवीर, रघुवीर ,चालक सिपाही चंद्रपाल व मुलजिम गुलशनवर की मौके पर मौत हो गयी। वहीं घायल सिपाही शेरपाल सिंह को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस 5 शवों को पोस्टमार्टम को भेजने के साथ अग्रिम कार्रवाई में जुटी है।

**गाजियाबाद में तैनात....**

इसके बाद कारोबारी ने मामले की शिकायत सीबीआई से कर दी। सीबीआई ने जब निरीक्षक को पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपी ने भागने के दौरान सीबीआई एवं अन्य वाहन को टक्कर मार दी। वहीं, इस दौरान टीम ने उसे पकड़ लिया। बृहस्पतिवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया।

सीबीआई ने बुधवार को निरीक्षक के खिलाफ मामला दर्ज किया। शिकायतकर्ता ने जांच एजेंसी को बताया कि आरोपी निरीक्षक ने उसकी फर्म के जीएसटी रिटर्न में इनपुट टैक्स क्रेडिट में कथित गड़बड़ी को लेकर 11 लाख रुपये की अवैध मांग की थी। आरोपी द्वारा लगातार दबाव बनाया जा रहा था और धमकी दी जा रही थी कि यदि राशि नहीं दी गई तो फर्म के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। बातचीत के बाद आरोपी निरीक्षक दो लाख रुपये की रिश्वत लेने को राजी हुआ।

सीबीआई ने शिकायत मिलने के बाद आरोपी को रंगे हाथ दबोचने के लिए जाल बिछाया। आरोपी ने अपनी कार में रिश्वत की राशि स्वीकार की। वहीं, जब सीबीआई की टीम ने उसे मौके पर घेरने की कोशिश की तो वह भागने लगा और इस दौरान उसने सीबीआई टीम की गाड़ी और एक निजी वाहन को भी क्षति पहुंचाई। करीब दो किलोमीटर पीछा करने के बाद आरोपी को दबोच लिया गया।

**13 मई को जनपद ....**

एवं जिला महिला चिकित्सालय का स्थलीय निरीक्षण भी किया जाएगा।

जिला प्रोबेशन अधिकारी ने सर्वसाधारण से कहा कि आयोजित होने वाली जनसुनवाई में महिलाओं से संबंधित समस्याओं के निवारण हेतु अवश्य प्रतिभाग करें।

**पाकिस्तान की मांद में ....**

उन्होंने कहा कि बदलते भारत में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षक नवाचार करें। समय पर कक्षा पहुंचे और बच्चों के पाठ्यक्रम को उबाऊ न होने दें। उनके सामने अच्छा आचरण करें क्योंकि ये वर्तमान पीढ़ी के साथ ही भविष्य की पीढ़ी के लिए भी जरूरी है। विकसित भारत की आधारशिला विद्यालय से रखी जाए क्योंकि यूपी आज बीमारू राज्य नहीं है। वह देश के ग्रोथ इंजन का हिस्सा है। देश की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है। यहां प्रतिभा, पोटेंशियल की कमी पहले भी नहीं थी किंतु सही दृष्टि नहीं थी। आज यूपी सरप्लस स्टेट है। आज नियुक्ति पत्र पाने वाले युवा युवा विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में अपना योगदान दें। शिक्षक नवाचार करें, एनईपी को बेहतर तरीके से लागू करें।

**डर पर भारी....**

डर को पीछे छोड़ते हुए गुरुद्वारा फिर से गुरुवार को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया, जहां अरदास शुरू हुई। लोगों की अटूट आस्था और विश्वास ने पाकिस्तान के नापाक मंसूबों को करारा जवाब दिया है। इस हमले में गुरुद्वारे की दीवारों पर धमाकों और गोलियों के निशान साफ देखे जा सकते हैं।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# मात्र 10 मिनट में रेडमी वॉच मूव के बिके 1000 यूनिट

**नई दिल्ली।**

बीती 1 मई को आयोजित सेल में रेडमी वॉच मूव बेहद तेजी से बिकी और केवल 10 मिनट के भीतर इसके 1000 से अधिक यूनिट्स फ्लिपकार्ट पर बिक गए। भारत में रेडमी वॉच मूव ने अपनी पहली ही सेल में नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है।

इस दमदार रिस्पॉन्स के बाद कंपनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी कि रेडमी वॉच मूव फ्लिपकार्ट पर सबसे ज्यादा बिकने वाली स्मार्टवॉच बन गई है। f

सर्फ 1,999 रुपये की कीमत पर उपलब्ध यह स्मार्टवॉच ब्लू ब्लेज, ब्लैक ड्रिफ्ट, गोल्ड रश और सिल्वर स्प्रिंट जैसे आकर्षक रंगों में आती है। इसमें 1.85 इंच की रैक्टेंगुलर 2.5डी कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले दी गई है, जिसका रिजॉल्यूशन 390गुणा450 पिक्सेल है। यह 60 हर्ट्ज रिफ्रेश रेट, 600 निट्स ब्राइटनेस और ऑलवेज-ऑन डिस्प्ले के साथ शानदार व्यूइंग अनुभव प्रदान करती है। रेडमी वॉच मूव में 140 से ज्यादा स्पोर्ट्स मोड और कई हेल्थ ट्रैकिंग फीचर्स जैसे हार्ट रेट, एसपीओ, स्ट्रेस लेवल, स्लीप और मेंस्टुअल साइकल ट्रैकर मौजूद हैं।




300 एमएएच बैटरी से लैस यह वॉच सामान्य उपयोग में 14 दिनों तक चलती है। इसमें अल्ट्रा बैटरी सेवर मोड भी दिया गया है। महज 25 ग्राम वजन वाली यह वॉच IP68 डस्ट और वाटर रेसिस्टेंस के साथ आती है। पहली सेल की सफलता ने इसे बाजार में हिट बना दिया है।यह वॉच शाओमी के हायपरओएएस पर चलती है और हिंदी भाषा का सपोर्ट भी देती है। इसमें ब्लूटूथ कॉलिंग की सुविधा है और यह एंड्रॉयड,आईओएस दोनों डिवाइसेस के साथ कम्पैटिबल है।

# मूडीज ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान घटाकर किया 6.3 प्रतिशत

**नई दिल्ली ।**

मूडीज ने मंगलवार को 2025 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का अनुमान कम कर दिया। इसके मुताबिक भारत की जीडीपी वृद्धि दर को 6.5 प्रतिशत से 6.3 प्रतिशत कर दिया गया है। रेटिंग एजेंसी ने उदाहरण के रूप में अमेरिकी नीति अनिश्चितता और व्यापार प्रतिबंधों के कारण वैश्विक स्तर पर अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव का निरीक्षण किया। मूडीज ने अपने ग्लोबल मैक्रो आउटलुक 2025-26 में सुझाव दिया कि भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के चलते भू-राजनीतिक तनावों से इसके आधारभूत वृद्धि पूर्वानुमान पर नकारात्मक प्रभाव हो सकता है। इसी बारे में मूडीज ने निवेशकों और व्यवसायों को चेताया कि नए भू-राजनीतिक विन्यासों के साथ निवेश करने की आवश्यकता है।




मूडीज के मुताबिक भारत की वृद्धि अनुमानों को 2025 के लिए 6.3 प्रतिशत और 2026 के लिए 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखा गया है। यह अंक 2024 के 6.7 प्रतिशत से कम है। वहीं भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के विशेष दरों कम करने से वृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव हो सकता है। अमेरिका और चीन के मामले में भी मूडीज ने वृद्धि अनुमानों में कमी का संकेत दिया है।

# ईपीएफओ बीएसएनएल और एमटीएनएल से जमीन खरीदने की तैयारी में

## दूरसंचार विभाग से सहायता मांगी है ताकि संपत्तियों की सूची तैयार की जा सके




**नई दिल्ली।**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) और महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) से जमीन और इमारतें खरीदने की तैयारी कर रहा है। इसका उद्देश्य बढ़ते सब्सक्राइबर बेस को ध्यान में रखकर पूंजीगत ढांचे को मजबूत करना है। 28 फरवरी को हुई ईपीएफओ की सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की बैठक में, श्रम और रोजगार मंत्री और बोर्ड के चेयरमैन ने सरकार के स्तर पर संपत्तियों को प्राप्त करने के लिए दूरसंचार विभाग से सहायता की मांग की। ईपीएफओ की योजनाबद्ध रणनीति के तहत, वे बीएसएनएल और एमटीएनएल के साथ सक्रिय रूप से मिलकर इमारतें खरीदने की कार्रवाई में लिए जा रहे हैं। ईपीएफओ के अनुसार उन्होंने चेयरमैन के निर्देशों के अनुसार दूरसंचार विभाग से सहायता मांगी है ताकि संपत्तियों की सूची तैयार की जा सके और ये प्रयास तेजी से लागू किए जा सकें। बीएसएनएल ने अपनी 5,208 खाली जमीन और इमारतों की सूची बनाई है और अन्य संपत्तियां भी बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। इस कार्य में अब ईपीएफओ ने मार्च 2023 में शुरुआत की है। ईपीएफओ की योजना के तहत, उनका लक्ष्य अपनी भौतिक अवसंरचना को मजबूत करना है ताकि वे बढ़ते सब्सक्राइबर बेस को पूरी तरह से संतुष्ट कर सकें। यह कदम ईपीएफओ के विकास में महत्वपूर्ण है और एक नई मील का पत्थर साबित हो सकता है।

# यस बैंक के शेयर 10 फीसदी से ज़्यादा उछले

## यस बैंक के शेयर सोमवार को 17.73 के स्तर पर बंद हुए थे




**नई दिल्ली ।**

यस बैंक के शेयरों में मंगलवार को जोरदार तेजी देखने को मिल रही है। दरअसल, यस बैंक के शेयर शुरुआती कारोबार में 10 फीसदी से ज़्यादा उछल गए। बीएसई पर यस बैंक के शेयर 19.24 के स्तर पर खुले, और 9.64 फीसदी की उछाल के साथ 19.44 प्रति शेयर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। यस बैंक के शेयर सोमवार को 17.73 के स्तर पर बंद हुए थे। फिलहाल, यस बैंक के शेयर ऊपरी स्तरों से हल्के होकर 5 फीसदी की तेजी के साथ 18.62 रुपये के लेवल पर कारोबार कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, जापान के बैंकिंग ग्रुप एसएमबीसी ने यस बैंक में बड़ी हिस्सेदारी बनने के लिए आरबीआई की मंजूरी हासिल कर ली है। इस मामले से परिचित लोगों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि इस ट्रांजेक्शन की कीमत 1.7 बिलियन डॉलर हो सकती है। जापानी बैंकिंग ग्रुप यस बैंक में हिस्सेदारी खरीदने के लिए दो प्रमुख विकल्पों पर विचार कर रहा है। इसमें पहला या तो यह समूह शुरुआत में 26 फीसदी से कम हिस्सेदारी हासिल कर सकता है और बाद में शेयर स्वैप के जरिए यस बैंक के साथ मर्जर कर सकता है या यह सीधे 26 फीसदी तक अधिग्रहण कर सकता है और एक ओपन ऑफर ला सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एसएमबीसी की कुल हिस्सेदारी अंततः 51 फीसदी तक बढ़ सकती है, लेकिन आरबीआई के नियमों के अनुसार इसके वोटिंग अधिकार 26 फीसदी तक सीमित रहेंगे।

# एथर एनर्जी का आईपीओ कमजोर रिटर्न के साथ लिस्ट

## – निवेशकों को हर शेयर मिला 7 रुपए का फायदा

**नई दिल्ली ।**

ईवी स्कूटर बनाने वाली कंपनी एथर एनर्जी के शेयर एक कमजोर रिटर्न के साथ मंगलवार को शेयर बाजार में लिस्ट हुए। एनएसई पर एथर एनर्जी के शेयर 328 रुपये प्रति शेयर के भाव पर लिस्ट हुए। इस आईपीओ के इश्यू प्राइस से अधिक मामूली प्रीमियम मिला है, जो ग्रे मार्केट की उम्मीदों से कम है।

पहले से ही एथर एनर्जी के अनलिस्टेड शेयर ग्रे मार्केट में बिक रहे थे। इस आईपीओ को सब्सक्राइब करने में निवेशकों की दिलचस्पी कम रही थी। पब्लिक इश्यू को कुल मिलाकर 1.50 गुना सब्सक्राइब किया गया। रिटेल निवेशकों ने सबसे ज्यादा दिलचस्पी दिखाई,




जबकि क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स और नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स की भी हिस्सेदारी रही। एथर एनर्जी आईपीओ को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर 7,67,49,068 इक्विटी शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं, जो बिक्री के लिए 5,33,63,160 शेयर थे। एथर एनर्जी की आईपीओ से जुड़ी नवीनतम जानकारी के लिए लॉगिन करें।

# कॉरपोरेट मामलों में जेनसोल इंजीनियरिंग और ब्लूस्मार्ट मोबिलिटी की जांच का आदेश

**नई दिल्ली।** कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने कंपनी कानून के कथित उल्लंघन के संबंध में मंगलवार को जेनसोल इंजीनियरिंग और ब्लूस्मार्ट मोबिलिटी के मामलों की जांच का आदेश दिया है। जेनसोल इंजीनियरिंग में धन की हेराफेरी और कामकाज संबंधी खामियों के लिए नियामक जांच के दायरे में है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अप्रैल में एक आदेश पारित कर कंपनी के प्रवर्तकों को विभिन्न उल्लंघनों के लिए प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया था। अधिकारियों ने बताया कि मंत्रालय ने पिछले सप्ताह कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 210 के तहत कंपनियों के खिलाफ जांच का आदेश दिया है। मंत्रालय को धारा 210 के तहत जनहित सहित विभिन्न आधारों पर किसी कंपनी के मामलों की जांच का आदेश देने का अधिकार है। इससे पहले मंत्रालय ने कहा था कि वह सेबी के आदेश की समीक्षा करने के बाद मामले में आवश्यक कार्रवाई करेगा। सेबी ने 15 अप्रैल को जेनसोल के प्रवर्तक के खिलाफ आदेश जारी किया था। इन प्रवर्तकों पर आरोप है कि उन्होंने अपनी सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनी जेनसोल इंजीनियरिंग से ऋण राशि को निजी उपयोग के लिए गबन किया है।



# चांदी की तेजी ने सोने को पछाड़ा

**मुंबई।** अक्षय तृतीया पर ईटीएफ में सोने और चांदी की मांग में भारी वृद्धि देखने को मिली। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार कारोबार का वॉल्यूम 2.9 फ़ीसदी बढ़कर 644 करोड रुपए पर पहुंच गया है।पिछले साल इसी दिन 224 करोड रुपए का कारोबार हुआ था। त्योहार के दौरान एक्सचेंज के क्रेडिट फंड्स में आकर्षक निवेश के विकल्प बड़ी तेजी के साथ लोकप्रिय हो रहे हैं। गोल्ड ईटीएफ में बीते साल मैं भारी वृद्धि देखने को मिली है। 30 अप्रैल तक इसका ट्रेडिंग वॉल्यूम 130 करोड़ से ढाई गुना बढ़कर 331 करोड रुपए पर पहुंच गया। सिल्वर ईटीएफ ने भी भारी शानदार प्रदर्शन किया है। सिल्वर का वॉल्यूम 95 करोड रुपए से बढ़कर 313 करोड रुपए का कारोबार करने में सफल हुआ है। एक्सचेंज में सिल्वर सबसे तेजी के साथ ग्रोथ करने वाला सेगमेंट बना है।

# टीसीएस ने 70 फीसदी कर्मचारियों को दिया 100 प्रतिशत त्रैमासिक परिवर्तनीय भत्ता

**नई दिल्ली।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने जनवरी-मार्च तिमाही के लिए अपने 70 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों को त्रैमासिक परिवर्तनीय भत्ता (क्यूवीए) का भुगतान किया है। टीसीएस का जनवरी-मार्च तिमाही का मुनाफा 1.7 प्रतिशत की गिरावट के साथ 12,224 करोड़ रुपये और कुल राजस्व सालाना आधार पर 5.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 64,479 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने इस तिमाही में 625 कर्मचारियों को नियुक्त किया जिससे इसके कुल कर्मचारियों की संख्या छह लाख से अधिक हो गई है। इससे पहले टीसीएस ने कहा था कि वह शुल्क मुद्दों से उत्पन्न व्यावसायिक अनिश्चितताओं के कारण अपने 6.07 लाख कर्मचारियों की वार्षिक वेतन वृद्धि को स्थगित करेगी। कंपनी के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी ने वार्षिक वेतन वृद्धि में देरी के लिए व्यावसायिक अनिश्चितताओं का हवाला दिया था। वेतन वृद्धि आमतौर पर अप्रैल से शुरू होती है। हालांकि, उन्होंने इसकी कोई जानकारी नहीं दी कि कंपनी वेतन वृद्धि की घोषणा अब कब करेगी।

# देश के सेवा क्षेत्र में नए ऑर्डर प्रवाह से अप्रैल में मामूली सुधार

**नई दिल्ली।** देश के सेवा क्षेत्र में अप्रैल माह में मामूली सुधार दर्ज किया गया है, जो नए ऑर्डर प्रवाह की वजह से देखा जा रहा है। एचएसबीसी इंडिया के मासिक सर्वेक्षण के अनुसार अप्रैल में सेवा कारोबारी गतिविधि सूचकांक 58.7 रहा, जो मार्च की 58.5 की तुलना में बेहतर है। यह आंकड़ा इसके दीर्घकालिक औसत से अधिक है। क्रय प्रबंधक सूचकांक के अनुसार भारतीय सेवा कंपनियों को अप्रैल में लगातार तीसरे महीने में अपने कार्यबल की संख्या में वृद्धि की गई है। साथ ही उन्होंने ग्राहकों की बढ़ती मांग के अनुसार अपने विक्रय मूल्यों में भी वृद्धि की है। कंपनियों ने अपनी सेवाओं के लिए विदेशी मांग से भी लाभ उठाया है, जिसमें एशिया, यूरोप, पश्चिम एशिया और अमेरिका को विशेष रूप से ध्यान में रखा गया है। एचएसबीसी इंडिया के मुख्य अर्थशास्त्री ने इस सुधार को अभिवादन दिया और मार्च की तुलना में अधिक तेजी से इसमें वृद्धि को दर्शाया। इसके साथ ही अप्रैल में मुनाफे में भी सुधार देखा गया है जिसमें लागत दबाव कम होने का भी भागीदारी है।

# सुंदरम होम फाइनेंस का मुनाफा बढ़कर हुआ 71.57 करोड़

## - पिछले वर्ष के 56.80 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था

**चेन्नई ।** सुंदरम होम फाइनेंस लिमिटेड ने जनवरी-मार्च तिमाही में अपने मुनाफे को 26 फीसदी बढ़ाकर 71.57 करोड़ रुपये तक पहुंचाया है। यह बढ़ोतरी उनके पिछले वर्ष के 56.80 करोड़ रुपये के लाभ के मुकाबले है। वित्त वर्ष 2024-25 में भी कंपनी ने चार प्रतिशत की वृद्धि के साथ 244.66 करोड़ रुपये का लाभ हासिल किया। कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने इस सफलता के पीछे की रणनीति के बारे में टिप्पणी करते हुए कहा कि सुंदरम होम फाइनेंस ने छोटे शहरों में अपनी पहुंच को मजबूत करने के लिए कई पहल की है। उन्होंने बताया कि कंपनी ने 25वें वर्ष में देश भर में अपने शाखा नेटवर्क की वृद्धि की है और मजबूत संवितरण दर्ज की है।

# केंद्र सरकार ने आईएमएफ के ईडी को पद से हटाने का लिया फैसला

## सुब्रमण्यन ने नवंबर 2022 में आईएमएफ में कार्यभार संभाला था

**नई दिल्ली।**



अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के कार्यकारी निदेशक (ईडी) के पद से कृ ष्णमूर्ति सुब्रमण्यन को भारत सरकार ने समय से पहले हटाने का फैसला लिया है। सुब्रमण्यन ने नवंबर 2022 में आईएमएफ में कार्यभार संभाला था और भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका और भूटान का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। कृ ष्णमूर्ति सुब्रमण्यन ने आईएमएफ में कार्यकाल का निर्णय लेते समय हाल ही में प्रकाशित किताब इंडिया एट द रेट100 के प्रचार-प्रसार में कथित अनियमितताओं और आईएमएफ के डेटा सेट्स पर उठाए गए सवालों से जोड़ा गया था। आईएमएफ की वेबसाइट पर उन्हें 2 मई तक कार्यकारी निदेशक के रूप में लिस्ट किया गया था। सूत्रों का कहना है कि सुब्रमण्यन के कार्यकाल को समाप्त करने का फैसला भारत सरकार ने किया है, जिसे आईएमएफके कार्यकारी निदेशक के पद से समय से पहले हटाने का एक अनोखा मामला माना जा रहा है। सुब्रमण्यन ने 2018 से 2021 के बीच भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार के रूप में काम किया था और उनके पास यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो बूथ स्कूल ऑफ बिजनेस से फाइनेंशियल इकोनॉमिक्स में पीएचडी की डिग्री है। इस मामले में आईएमएफ की और से अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

## सेंसेक्स 155 , निफ्टी 81 अंक गिरा

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही मुनाफावसूली हावी रहने से आई है। इसी के साथ ही बाजार में पिछले तीन कारोबारी दिनों से जारी तेजी पर भी अंकुश लग गया। कारोबार के दौरान दिग्गज कंपनियों रिलायंस, एचडीएफसी बैंक और एसबीआई के शेयरों में गिरावट रही जिससे भी बाजार पर दबाव आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 155.77 अंक करीब 0.19 फीसदी की गिरावट के साथ ही 80,641.07 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी अंत में यह 81.55 अंक तकरीबन 0.33 फीसदी टूटकर 24,379.60 पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इटर्नल (पूर्व में ज़ोमैटो), स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया (SBI), टाटा मोटर्स, एनटीपीसी और अदानी पोर्ट्स के शेयर सबसे ज़्यादा 1.94 से 3.15 फीसदी तक टूटे। वहीं दूसरी ओर भारती एयरटेल, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम), हिंदुस्तान यूनिलीवर और नेस्ले इंडिया के शेयर 1.66 फीसदी तक की बढ़त लेकर बंद हुए। जानकारों के अनुसार निवेशकों की ओर से मुनाफावसूली हावी होने के कारण वित्तीय शेयरों में गिरावट आई। इसके साथ ही सरकारी बैंक ऑफ बड़ौदा के कमजोर तिमाही परिणामों से भी निवेशकों का रुख प्रभावित हुआ।

वहीं अमेरिका शेयर बजार में वॉल स्ट्रीट के प्रमुख इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। प्रौद्योगिकी आधारित नैस्डैक 0.74 फीसदी नीचे, व्यापक एसएंडपी




500 0.64 फीसदी नीचे तथा डाऊ जोन्स 0.24 फीसदी नीचे बंद हुए।

एशियाई बाजारों की बात करें तो जापान और दक्षिण कोरिया का बाजार बंद रहा। वहीं गत दिवस बाजार बढ़त पर बंद हुआ था। इससे पहले आज सुबह बाजार सपाट स्तर पर खुला। सेंसेक्स 13 अंक की मामूली गिरावट के साथ 80,783 और निफ्टी 3 अंक की बढ़त के साथ 24,467 पर कारोबार कर रहा था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी सपाट कारोबार हो रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 21 अंक की गिरावट के साथ 54,653 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 14 अंक या 0.08 फीसदी की कमजोरी के साथ 16,595 पर कारोबार कर रहा था। शुरुआती सत्र में ऑटो, आईटी, एफएमसीजी, मेटल, एनर्जी और इन्फ्रा इंडेक्स हरे निशान में कारोबार हो रहे थे पीएसयू बैंक, फार्मा, रियल्टी, मीडिया और प्राइवेट बैंक इंडेक्स लाल निशान में थे।

# यूपीएस और यूएसपीएस में 20,000 पदों की कटौती की घोषणा

## डाक सेवा को करीब 100 बिलियन डॉलर का घाटा होने पर लिया फैसला

**न्यूयॉर्क।**

एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी डाक सेवा (यूएसपीएस) और यूनाइटेड पार्सल सर्विस (यूपीएस) में इस साल 20,000 पदों की कटौती का एलान किया गया है। यह संकेत दिखाता है कि दोनों कंपनियों को अर्थव्यवस्था में मजबूत बनाने के लिए कटौती और संचालन में सुधार करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। यूपीएस के चीफ एक्जिक्यूटिव ने बताया कि कंपनी इस साल 20,000 पदों की कटौती करेगी जो कि उसके वैश्विक कार्यबल का लगभग 4 प्रतिशत है। इसके साथ ही 73 वितरण केंद्रों को बंद करने की योजना बना रही है जिसमें 400 सर्विसेज को पूर्ण या आंशिक रूप से स्वचालित करने की योजना है। इस नए संदेश के बाद, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ और डिजिटल इनोवेशन के निर्धारण ने उनके संचालन पर असर डालने की उम्मीद दिखाई है। यह कदम उन्हें मजबूती का दबाव दिखा रहा है जबकि डाक सेवा के घाटे के लिए अतिरिक्त बदलाव के संकेत भी दिखाई दे रहे हैं। यूपीएस ने भी अपने व्यवसाय-संबंधी संचालन में कटौती की घोषणा की है ताकि वह अमेजन के साथ व्यापक समझौते में 50 प्रतिशत से अधिक कमी कर सके। इस संकेत के साथ, यूएसपीएस ने भी 10,000 पदों की कटौती की घोषणा की है जिसमें सरकारी दक्षता विभाग से बजट कमी का सहायता भी है। इस स्थिति में स्पष्ट है कि यूपीएस और यूएसपीएस की कटौती के नए उठानों से डाक सेवा पर दबाव बढ़ रहा है और उन्हें व्यापक सुधारों की आवश्यकता है। रिपोर्ट में कहा गया हैं कि यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब डाक सेवा को करीब 100 बिलियन डॉलर का घाटा हुआ है और अनुमान है कि उसे 200 बिलियन डॉलर का अतिरिक्त घाटा होगा। 2024 तक यूएसपीएस में 533,724 लोग कार्यरत थे। 20,000 पदों में




कटौती और 400 सुविधाओं पर काम को स्वचालित करने के बावजूद, यूपीएस का कहना है कि इसके संचालन में किए गए बदलावों से ग्राहकों के अनुभव पर कोई असर नहीं पड़ेगा लेकिन अमेरिकी डाक सेवा के लिए कुछ बदलावों की उम्मीद की जानी चाहिए।

# रिलायंस की डिजिटल कंपनी जियो प्लेटफार्म जल्द लाएगी आईपीओ

## जियो ने सितंबर 2016 में अपनी टेलीकॉम सर्विस शुरू की थी

**नई दिल्ली।** रिलायंस की डिजिटल कंपनी जियो प्लेटफार्म के जल्द आईपीओ प्रक्रिया शुरू करने की संभावना है। विश्लेषकों के मुतो बिक कंपनी की एंटरप्राइज वैल्यू करीब 136 बिलियन डॉलर से 154 बिलियन डॉल्र के बीच आंकी गई है। यह वैल्यूएशन इसे दुनिया की छठी सबसे बड़ी लिस्टेड टेलीकॉम कंपनी के बराबर लाता है। जियो ने सितंबर 2016 में अपनी टेलीकॉम सर्विस शुरू की थी और इतने कम समय में यह मुकाम हासिल करना इसे दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली टेलीकॉम कंपनियों में शामिल करता है। ग्लोबल ब्रोकरेज फर्मों गोल्डमैन सैक्स और जेफरीज के हालिया अनुमान के अनुसार रिलायंस इंडस्ट्रीज की डिजिटल और टेलीकॉम यूनिट जियो प्लेटफॉर्म्स की वैल्यूएशन अगर 154 अरब डॉलर तक पहुंचती है, तो यह भारत की टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल को पीछे छोड़ देगी और दुनिया की छठी सबसे मूल्यवान टेलीकॉम कंपनी बन जाएगी। इस वैल्यूएशन पर जियो, कॉमकास्ट, चाइना टेलीकॉम, एनटीटी, सॉफ्टबैंक, सऊदी टेलीकॉम, अमेरिका मोबाइल और सिंगापुर टेलीकॉम जैसी दिग्गज कंपनियों को भी पीछे छोड़ देगी। फिलहाल भारती एयरटेल का मार्केट कैप 131.34 अरब डॉलर है और वह छठे स्थान पर है।

**खास खबर**

## आईपीएल मैच में छायी अवनीत

**नई दिल्ली ।** बॉलीवुड अभिनेत्री अवनीत कौर मुम्बई के वानखेड़े स्टेडियम में गुजरात टाइटंस और मुम्बई इंडियंस के बीच हुए मैच में नजर आयीं। अवनीत सबसे पहले तब चचार्ओं में आई थीं जब विराट ने उनकी तस्वीर लाइक की थी। मैच में जैसे ही अवनीत नजर आयी। सोशल मीडिया पर हल्ला हो गया। इसके बाद से ही सभी मीडिया प्लेटफार्म पर अवनीत की तस्वीरें छायी रहीं। अवनीत ने रिएलिटी शो डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर्स के साथ अपने करियर की शुरूआत की थी। अवनीत की अबतक कोई फिल्म हिट नहीं हुई है पर विराट के उनकी तस्वीर लाइक करने के बाद अवनीत की पोस्ट वैल्यू 30 फीसदी तक बढ़ गयी है। पहले यह अभिनेत्री एक पोस्ट के दो लाख तक देती थीं पर अब उन्हें 2.6 लाख रुपये मिलेंगे। इस मैच में मुंबई इंडियंस को को डकवर्थ लुईस नियम के तहत अंतिम गेंद पर गुजरात टाइटंस से हार का सामना करना पड़ा।

## गिलक्रिस्ट ने किया अर्शदीप की तारीफ

**सिडनी ।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर एडम गिलक्रिस्ट ने आईपीएल में पंजाब किंग्स की ओर से खेल रहे बांए हाथ के युवा गेंदबाज अर्शदीप सिंह की जमकर प्रशंसा की है। गिलक्रिस्ट ने अर्शदीप को विश्व स्तर का गेंदबाज बताया और कहा कि वह लगातार बेहतर होते जा रहे हैं और किसी भी प्रकार के हालातों में मैच को बदलने की क्षमता रखते हैं। गिलक्रिस्ट ने कहा, मैं अर्शदीप की परिपक्वता और आत्मविश्वास से काफी प्रभावित हूं। जिस तरह से वह दबाव में गेंदबाजी करता है, खासकर डेथ ओवर्स में, वो किसी भी विश्व स्तर के गेंदबाज से कम नजर नहीं आत है। अर्शदीप ने इस सीजन में अपनी लाइन और लेंथ से बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी की है। वह ना सिर्फ विकेट लेने में सफल रहे हैं, बल्कि रनों पर भी अंकुश लगाने में सफल रहे हैं। इस गेंदबाज ने इस सत्र में खेले 10 मैचों में अब तक 16 विकेट लिए है। गिलक्रिस्ट के इस बयान से अर्शदीप को मनोबल और बढ़ना तय है। अर्शदीप अपनी जबरदस्त गेंदबाजी से पर्पल कैप की रेस में शीर्ष तीन गेंदबाजों में शामिल हैं। इससे पहले टी20 विश्वकप में भी इस युवा गेंदबाज ने अच्छा प्रदर्शन किया था।

## डेथ ओवरों में रन बनाने में स्टब्स सबसे आगे

**नई दिल्ली ।** दक्षिण अक्रीकी बल्लेबाज बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में डेथ ओवरों के गेंदबाजों की मुसीबत बने हुए हैं। इसी कारण स्टब्स को इस सत्र का सबसे बेहतर फिनिशर कहा जा रहा है। पिछले सत्र में भी उनका प्रदर्शन काफी अच्छा रहा था। स्टब्स ने आईपीएल 2024 के बाद से अब तक सबसे ज्यादा रन अंतिम ओवरों में ही बनाए हैं। मैच फिनशर की भूमिका ट्रिस्टन स्टब्स अच्छे से निभा रहे हैं। पिछले सत्र में वह दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेल रहे थे पर अब मुंबई इंडियंस की टीम में हैं। आईपीएल 2024 से इस बार तक 16 से 20 ओवर में सबसे ज्यादा रन ट्रिस्टन स्टब्स ने बनाए हैं। इतना ही नहीं उनका स्ट्राइक रेट भी सबसे अधिक है। स्टब्स ने आईपीएल 2024 की शुरूआत से अब तक कुल 382 रन अंतिम 5 ओवरों में बनाए हैं।

# भारत की पुरुष और महिला कंपाउंड टीमों ने फाइनल में बनाई जगह

- पुरुष टीम ने ग्रेट ब्रिटेन और डेनमार्क को हराया
- महिला टीम ने कजाखस्तान और ग्रेट ब्रिटेन को हराया


आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज-2

एजेंसी

**शंघाई।** भारत की पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमों ने बुधवार को वर्ल्ड कप स्टेज-2 में दमदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश कर लिया। इस उपलब्धि के साथ ही भारत ने इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट में दो पदक पक्के कर लिए हैं। विश्व की नंबर-1 पुरुष कंपाउंड टीम–ओजस देवताले, अभिषेक वर्मा और ऋषभ यादव की तिकड़ी–ने क्वार्टरफाइनल में ग्रेट ब्रिटेन को 239-232 से हराया। इसके बाद सेमीफाइनल में डेनमार्क के खिलाफ कड़ा मुकाबला रहा, लेकिन भारत ने 232-231 से जीत दर्ज की।
क्वार्टरफाइनल में भारत ने पहला सेट 59-60 से गंवाया, लेकिन अगले दो सेट 60-58 और 60-57 से जीतकर बढ़त बना ली। चौथे सेट में भी भारत ने 60-57 से जीत हासिल की।
सेमीफाइनल में भारत की शुरूआत खराब रही और पहला सेट 57-60 से हार गया। लेकिन दूसरे सेट में स्कोर 58-58 से बराबर रहा। तीसरे सेट के बाद डेनमार्क को 118-115 की बढ़त थी, लेकिन भारत ने चौथे सेट में 60-57 से बाजी मारते हुए स्कोर 175-175 पर बराबर किया और आखिरी सेट में 57-56 की मामूली बढ़त के साथ फाइनल में जगह बना ली।
महिला कंपाउंड टीम–मधुरा धमांगांवकर, चिकिता तनिपार्थी और ज्योति सुरेखा वेन्नम–ने क्वार्टरफाइनल में कजाखस्तान को 232-229 से हराया। इसके बाद सेमीफाइनल में ग्रेट ब्रिटेन को 232-230 से मात देकर फाइनल में जगह बनाई।
भारत का सामना फाइनल में मैक्सिको से होगा, जो महिला कंपाउंड रैंकिंग में दुनिया की नंबर-2 टीम है।

# बाउचर ने शुरूआत में मेरी सहायता की थी : विराट



एजेंसी

**बेंगलुरु ।** आईपीएल में आजकल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आसीबी) की ओर से शानदार बल्लेबाजी कर रहे विराट कोहली ने कहा है कि पूर्व दक्षिण अफ्रीकी विकेटकीपर-बल्लेबाज मार्क बाउचर ने एक समय उनकी सहायता की थी। विराट के अनुसार फ्रैंचाइजी के साथ आईपीएल के शुरूआती सत्र में उन्हें शॉर्ट गेंदों को खेलने में परेशानी आ रही थी। जिसे दूर करने में बाउचर आगे आये थे। विराट ने कहा कि बाउचर इस मानसिकता के साथ आए थे कि वह भारतीय खिलाड़ियों की सहायता करने जा रहे हैं। बाउचर ने उनसे कहा था कि अगर वह सभी प्रारूपों में भारत के लिए नहीं खेलते हैं तो वह खुद को ही नुकसान पहुंचाने जैसा होगा। कोहली ने कहा, इसलिए उन्होंने पता लगाया कि मेरी कमजोरियां क्या हो सकती हैं। साथ ही कहा कि अगर मैं अगले स्तर पर जाना चाहता हूं, तो मुझे अपनी कमजोरियों को ठीक करन होगा। इसके बाद वह मुझे नेट्स पर ले गए। इसके बाद उन्होंने कहा कि तुम्हें शॉर्ट बॉल पर काम करने की जरूरत है। अगर तुम गेंद को खींच नहीं सकते तो कोई भी तुम्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मौका नहीं देगा। और मुझे याद है कि हम चेन्नई या कोलकाता में एक मैच खेल रहे थे, जहां उन्होंने मुझसे कहा था कि जब मैं चार साल बाद भारत में कमेंट्री करने आऊंगा, तो अगर मैं तुम्हें भारत के लिए खेलते हुए नहीं देखूंगा, तो मानूंगा कि तुमने अपने को ही नुकसान पहुंचाया है।

# यूईएफए चैंपियंस लीग फाइनल : बार्सिलोना को 4-3 से हराया



एजेंसी

**मिलान।** इंटर मिलान ने मंगलवार रात को यूईएफए चैंपियंस लीग 2024-25 के सेमीफाइनल में बार्सिलोना को एक्स्ट्रा टाइम तक चले रोमांचक मुकाबले में 4-3 से हराकर फाइनल में जगह बना ली। दो लेग्स के कुल स्कोर में इंटर ने 7-6 से जीत दर्ज की। मिलान की बरसात में खेले गए इस मुकाबले में इटली के मिडफील्डर डेविडे फ्राटेसी ने 99वें मिनट में विजयी गोल दागा। उनका यह सातवां गोल सीजन का सबसे अहम साबित हुआ और सं सिरो स्टेडियम जश्न में डूब गया। सिमोन इनजागी की टीम अब म्यूनिख में इस महीने के अंत में होने वाले फाइनल में आर्सेनल या पेरिस सेंट-जर्मेन में से किसी एक से भिड़ेगी। इंटर के लिए यह मुकाबला सीजन का टर्निंग पॉइंट बन गया है, क्योंकि वह पहले ही इटालियन कप से बाहर हो चुका था और सीरी ए की दौड़ में भी नेपोली से पिछड़ गया है। बार्सिलोना ने पहले हाफ में 2-0 से पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी की। एरिक गार्सिया और डानी ओल्मो ने गोल कर स्कोर 2-2 कर दिया। फिर 88वें मिनट में राफिन्हा ने गोल कर बार्सिलोना को 3-2 की बढ़त दिला दी। लेकिन, इंजरी टाइम में फ्रांसेस्को एचर्बी ने डेनजेल डमफ्रिस की क्रॉस पर गोल कर मुकाबले को एक्स्ट्रा टाइम में पहुंचा दिया।
इंटर के स्विस गोलकीपर यान सोमर ने कई अहम मौके पर शानदार बचाव किए। उन्होंने एरिक गार्सिया और लमीन यमाल के प्रयासों को नाकाम कर मैच में इंटर की उम्मीदों को ज़िंदा रखा। अब इंटर मिलान दो साल में दूसरी बार चैंपियंस लीग फाइनल में पहुंचा है और एक बार फिर यूरोप का ताज पहनने की दहलीज पर खड़ा है।

# हार्दिक और नेहरा पर लगा जुर्माना



एजेंसी

**मुंबई ।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में दोहरा झटका लगा है। टीम की हार के बाद धीमी ओवर गति के लिए उनपर जुमार्ना लगाया गया है। यह इस सत्र में धीमी ओवर गति से जुड़ा मुंबई इंडियंस का दूसरा मामला था। इसलिए, पांड्या पर 24 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया। आईपीएल की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि इम्पैक्ट प्लेयर और कन्कशन सब्स्टीट्यूट सहित अंतिम ग्यारह के बाकी सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से 6 लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 फीसदी जुमार्ना लगाया गया है। हार्दिक से पहले, लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत, शुभमन गिल (गुजरात टाइटन्स), अक्षर पटेल (दिल्ली कैपिटल्स), संजू सैमसन (राजस्थान रॉयल्स), रजत पाटीदार (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु), रियान पराग (राजस्थान रॉयल्स) और हार्दिक पांड्या (मुंबई इंडियंस) पर इस सत्र में धीमी ओवर गति के लिए जुमार्ना लगाया गया था। इसके अलावा, गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा को अनुच्छेद 2.20 का उल्लंघन करने के लिए फटकार लगाई गई। उन पर फीस का 25 फीसदी जुमार्ना लगाया गया।

## नेपाल अंतराष्ट्रीय माउंट एवरेस्ट कराते स्पर्धा के लिए टीम घोषित



एजेंसी

**भोपाल।** नेपाल कराते महासंघ के तत्वाधान में एवं विश्व कराते संघ के सानिध्य में दिनांक 16 से 19 मई तक काठमांडू नेपाल में आयोजित होने वाली 11वि माउंट एवरेस्ट अंतर्राष्ट्रीय कराते स्पर्धा में रतलाम भोपाल व इंदौर के 10 खिलाड़ी एलेट स्पोर्ट्स से देश का प्रतिनिधित्व करेंगे ये खिलाड़ी स्कूल शिक्षा विभाग की संभाग स्तरीय स्पर्धा एवं खेल युवा कल्याण की राज्य स्तरीय फेंसिंग व कराते स्पर्धा में भी खेल चुके है । हाल ही में ऋषिकेश में हुई राष्ट्रीय कराते स्पर्धा में भी पदक हासिल कर चुके है । चयनित खिलाड़ियों में इंदौर से राजवीर सिंह जादौन, शुभ गांधी ,रचित खोट , साक्षी लोधी शामिल है । रतलाम से आर्यन बाली ,चयन भाटी ,शौर्य चावड़ा , माही बाली शामिल है । भोपाल से अश्विन राठौर एवं माही धारू शामिल है । स्पर्धा के मुख्य अतिथि नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहाल होंगे । टीम के मुख्य कोच अमय लश्करी होंगे । चयनित खिलाड़ियों को एलेट स्पोर्ट्स अकादमी की अध्यक्ष मीनू गौर ने बधाई दी ।

## कव्या की नकल करती दिखीं अभिनेत्री माया अली

**लाहौर ।** भारत में जिस प्रकार आईपीएल चल रहा है उसी प्रकार पाकिस्तान में भी पीएसएल चल रहा है। ऐसे में पीएसएल का भी एक वीडियो आया है। इसमें कराची किंग्स और क्वेटा ग्लेडिएटर्स के बीच मुकाबला खेला गया था। इसमें कराची किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 175 रन बनाए जबकि क्वेटा ग्लेडिएटर्स की टीम 119 रन बनाकर हार गयी। इस दौरान क्वेटा ग्लेडिएटर्स की हार के साथ ही सबसे निराश अभिनेत्री माया अली नजर आयीं। माया क्वेटा ग्लेएडिएटर्स की प्रशंसक हैं और अपनी खूबसूरत अदाओं के लिए जानी जाती हैं। मैच के दौरान उनके चेहरे के हाव-भाव भी अलग तरह के थे। इससे सोशल मीडिया पर लोग कह रहे हैं कि माया , काव्या मारन की नकल कर रही हैं।

# शुरूआत में ऐसा लग रहा था जैसे हम टेस्ट मैच खेल रहे हों: शुभमन गिल



एजेंसी

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) के रोमांचक मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर मुंबई इंडियंस को 3 विकेट से हरा दिया। मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 155 रन बनाए, इसके बाद मैच में बारिश ने कई बार खलल डाली और अंत में गुजरात को 19 ओवर में 147 रनों का लक्ष्य मिला, जिसे गुजरात ने 7 विकेट के नुकसान पर आखिरी गेंद पर हासिल कर लिया।
मैच के बाद कप्तान शुभमन गिल ने बताया कि जब टीम लक्ष्य का पीछा करने उतरी, तो हालात टेस्ट मैच जैसे महसूस हो रहे थे। हवा तेज चल रही थी और बारिश की वजह से बल्लेबाजी करना बेहद कठिन हो गया था। गिल ने कहा, पावरप्ले के दौरान हमारा गेम प्लान बिल्कुल अलग था। चार से पांच ओवर तक ऐसा लग रहा था जैसे हम टेस्ट मैच खेल रहे हों। हमें सामान्य क्रिकेट खेलनी पड़ी। पावरप्ले के बाद सोचा कि अब अपने गेम पर लौटते हैं, लेकिन बारिश बार-बार बाधा डाल रही थी। गुजरात ने पावरप्ले में सिर्फ 29 रन बनाए, लेकिन इसके बाद गिल और जोस बटलर ने 72 रन की अहम साझेदारी कर पारी को संभाला। फिर गिल और शर्फेन रदरफोर्ड के बीच तेज साझेदारी भी हुई, लेकिन अचानक टीम ने 15 गेंदों में 13 रन पर 4 विकेट गंवा दिए, जिससे लय टूट गई और गुजरात डकवर्थ-लुईस स्कोर से भी पीछे हो गई। गिल ने कहा, उस वक्त ड्रेसिंग रूम में काफी निराशा थी, क्योंकि एक समय हम गेम में काफी आगे थे। फिर जैसे ही वो 4 ओवर का खराब सत्र आया, 13 रन पर 4 विकेट चले गए, तो ऐसा लगा जैसे कोई टेस्ट मैच का सत्र हमारे खिलाफ चला गया हो। वो समय काफी फ्रस्ट्रेटिंग था, लेकिन यूनिवर्स ने हमें एक और मौका दिया और फिर सब ठीक हो गया। गिल ने राशिद खान की तारीफ करते हुए कहा, ₹सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 3 ओवर में 50 रन देने के बाद उन्होंने शानदार वापसी की। चोट से उबरकर वो जैसे नेट्स में मेहनत कर रहे थे और जिस तरह उन्होंने गेंदबाजी की, वो हमारे लिए बहुत अच्छा संकेत है।

# आयुष को टी-20 के लिए मुंबई नॉर्थ ईस्ट ने खरीदा



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपरकिंग्स की ओर से शानदार प्रदर्शन करने वाले 17 साल के आयुष म्हात्रे को टी-20 मुंबई लीग के लिए ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट ने खरीदा है। आयुष को सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली मुंबई नॉर्थ ईस्ट ने 14 लाख 75 हजार रुपये में खरीदा है। आयुष को आईपीएल में कप्तान रितुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के बाद सीएसके ने अपनी टीम में शामिल किया था। आयुष ने आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आसीबी) की ओर से 94 रन बनाये थे।टी-20 मुंबई लीग के लिए 280 खिलाड़ियों की बोली लगी है। इस टूनार्मेंट के तीसरे सत्र की शुरूआत इसी माह 26 मई से होगी। इस लीग के लिए मुशीर खान को 15 लाख में एआरसीएस अंधेरी ने खरीदा। वहीं केकेआर वाले अंगकृष रघुवंशी को सोबो मुंबई फाल्कन्स ने 14 लाख, सूर्यांश शेगडे को मुंबई नॉर्थ ईस्ट ने 13.75 लाख रुपये में जबकि तनुष कोटियन को नॉर्थ मुंबई पैंथर्स ने 10 लाख रुपये में शामिल किया है। मुंबई क्रिकेट ने अपने इस घरेलू टी-20 टूनार्मेंट के लिए सीनियर खिलाड़ियों को भी आइकन प्लेयर्स के तौर पर शामिल किया है। इन खिलाड़ियों में सूर्यकुमार यादव ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट, अजिंक्य रहाणे बांद्रा ब्लास्टर्स, श्रेयस अय्यर सोबो मुंबई फाल्कन्स और पृथ्वी शॉ (नॉर्थ मुंबई पैंथर्स) वहीं शिवम दुबे को एआरसीएस अंधेरी और शार्दुल ठाकुर को ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स ने शामिल किया है जबकि सरफराज खान आकाश टाइगर्स मुंबई वेस्टर्न सबर्ब्स और तुषार देशपांडे मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स के आइकन खिलाड़ी होंगे।

# नेशनल टीम में जगह बनाने को तैयार सुनील जोजो



एजेंसी

**बेंगलुरु।** ओडिशा के राउरकेला से निकलकर अब सुनील जोजो भारतीय सीनियर पुरुष हॉकी टीम के नेशनल कोचिंग कैंप में अपनी जगह बना चुके हैं। 22 वर्षीय डिफेंडर पहले दो बार जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और हाल ही में सुल्तान ऑफ जोहर कप में कांस्य पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा रहे। सीनियर कैंप में पहली बार शामिल होने का अनुभव साझा करते हुए सुनील ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, ₹यह आसान नहीं है। यहां की फिजिकल डिमांड और खेल की गति काफी ज्यादा है। आपको तेजी से ढलना पड़ता है। स्किल लेवल भी अलग है, इसलिए कड़ी मेहनत करनी होती है। अब जब मैं यहां हूं, तो उसी हिसाब से खुद को ढाल रहा हूं। सुनील ने अपनी मजबूतियों में गेम अवेयरनेस और टैकलिंग को गिनाया, लेकिन साथ ही अपनी फिटनेस पर और काम करने की बात भी स्वीकारी। उन्होंने कहा, ₹मेरे खेल की सबसे बड़ी ताकत अवेयरनेस और टैकलिंग है, लेकिन मुझे अपने स्टेमिना और एंड्योरेंस पर काफी मेहनत करनी है। सुनील ने हमेशा मनप्रीत सिंह को अपना आदर्श माना है और अब उनके साथ कैंप में ट्रेनिंग करना उनके लिए एक बड़ा मौका है। उन्होंने कहा, ₹अब मैं उनके साथ ज्यादा वक्त बिता रहा हूं। वो अलग-अलग रोल और पोजीशन में खेलते हैं, तो मैं यह सीखने की कोशिश करता हूं कि वो अलग परिस्थितियों में कैसे खुद को ढालते हैं। भविष्य को लेकर सुनील पूरी तरह स्पष्ट हैं।

# कोलकाता शिविर के लिए 28 सदस्यीय भारतीय फुटबॉल टीम घोषित

- गुरप्रीत पर फिर नहीं दिखा भरोसा
- थाईलैंड से फ्रेंडली, फिर हॉन्गकॉन्ग से बड़ी भिड़ंत



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मनोलो मार्केज ने कोलकाता में 18 मई से शुरू हो रहे राष्ट्रीय कैंप के लिए 28 सदस्यीय संभावित टीम की घोषणा कर दी है। मोहुन बागान सुपर जाइंट के युवा फॉरवर्ड सुहैल अहमद भट को पहली बार टीम में शामिल किया गया है। पूर्व नंबर-1 गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू को एक बार फिर बाहर रखा गया है। गुरप्रीत सिंह संधू ने आखिरी बार पिछले साल मलेशिया के खिलाफ फ्रेंडली मैच में भारत के लिए खेला था, जहां उनकी एक बड़ी गलती से विपक्षी टीम को गोल मिला और मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। इसके बाद उन्हें इस साल मालदीव के खिलाफ फ्रेंडली और बांग्लादेश के खिलाफ एशियन कप क्वालीफायर में भी टीम से बाहर रखा गया था। उनकी जगह गोलपोस्ट की जिम्मेदारी विशाल कैथ को सौंपी गई है।
भारत एएफसी एशियन कप में लगातार तीसरी बार क्वालीफाई करने की तैयारी में है। टीम को तीसरे राउंड के क्वालीफायर में ग्रुप सी में बांग्लादेश, हॉन्गकॉन्ग चाइना और सिंगापुर के साथ रखा गया है। ग्रुप की शुरूआती दोनों मैच ड्रॉ रहे हैं, जिससे सभी चारों टीमों के पास एक-एक अंक हैं।
टीम की तैयारियों के तहत भारत 10 दिनों का ट्रेनिंग कैंप कोलकाता में लगाएगा, जिसके बाद 4 जून को थाईलैंड के खिलाफ एक फ्रेंडली मुकाबला खेलेगा। इसके बाद टीम 10 जून को हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ अहम क्वालीफायर मैच खेलने के लिए काई ताक स्पोर्ट्स पार्क, कौलून सिटी रवाना होगी।

**भारत की संभावित टीम**

**गोलकीपर:** ऋतिक तिवारी, विषाल कैथ, गुरमीत सिंह चाहल, अमरिंदर सिंह।
**डिफेंडर:** नाओरेम रोशन सिंह, राहुल बेके, कोंशम चिंगलेन्साना सिंह, अनवर अली, थांगजम बॉरिस सिंह, संदेश झिंगन, आशीष राय, सुभाशीष बोस, मेहताब सिंह, टेकचम अभिषेक सिंह, निखिल प्रभु।
**मिडफील्डर:** सुरेश सिंह वांगजाम, नाओरेम महेश सिंह, आयुष देव छेत्री, उदंता सिंह कुमाम, लालेनगमाविया राल्ते, लिस्टन कोलाको, आशिक कुरुनियन, ब्रैंडन फर्नांडिस।
**फॉरवर्ड :** सुनील छेत्री, इरफान यादवाड़, मनवीर सिंह, सुहैल अहमद भट, ललियानजुआला छांगते।
**मुख्य कोच:** मनोलो मार्केज।


मिलान में चैम्पियंस लीग फुटबॉल में खेलते हुए इंटर मिलान और एफसी बार्सिलोना के खिलाड़ी।

## क्या आप भी गर्मियों में पसीने की बदबू से रहते परेशान? छुटकारा पाने के लिए करें 5 उपाय



गर्मियों में अक्सर लोग पसीने से परेशान रहते हैं। चाहे कितने भी खुशबूदार साबुन से नहा ले या परफ्यूम लगा लें, इसके बाद भी पसीने की बदबू से परेशान रहते हैं, इससे छुटकारा पाएं। आप भी इन उपाय के जरिए पसीने की दुर्गंध को दूर कर सकते हैं।

गर्मी के मौसम में सबसे ज्यादा दिक्कत पसीने की बदबू की होती है। पसीने की बदबू के कारण कई बार हम सभी को शर्मिंदगी महसूस होने लगती है। पसीने के बदबू से बचने के लिए आप खुशबूदार साबुन से नहा ले या परफ्यूम लगा लें, लेकिन इसके बाद भी पसीने की बदबू से परेशान रहते हैं, तो आप इससे छुटकारा पाने के लिए इन 5 टिप्स को अपना सकते हैं।

### पसीने की गंध से छुटकारा पाने के उपाय

#### रोजाना नहाएं

गर्मियों में सबसे जरुरी है रोजाना नहाना। कम से कम दिन में दो बार स्नान जरुर करें। ऐसा करने से पसीने और बैक्टीरिया की गंध में राहत मिलेगी।

#### एंटी-बैक्टीरियल साबुन का यूज करें

अगर आप पसीने की बदबू से परेशान रहते हैं तो आप एंटी-बैक्टीरिय साबुन का प्रयोग कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल से आपके शरीर पर चिपके सभी बैक्टीरिया साफ हो जाते हैं और पसीने की गंध से छुटकारा मिल सकता है।

#### कॉटन के कपड़े पहनें

समर सीजन में जितना आप सूती या हल्के कपड़े पहनेंगे उतना ही आपके लिए फायदेमंद होगा। इस तरह के कपड़े पसीने को सोखकर त्वचा को सांस लेने में मदद करते हैं।

#### नींबू का रस का प्रयोग करें

नींबू का रस इस्तेमाल करने से पसीने की गंध कम हो जाती है। क्योंकि इसके साइट्रिक एसिड बैक्टीरिया को मारता है, जिससे पसीने की बदबू कम होती है। इसे आप अंडरआर्म्स पर रगड़कर सूखने दें।

#### बेकिंग सोडा का प्रयोग

पसीने की बदबू को कम करने में बेकिंग सोडा करगार साबित होगा। इस उपाय को करने के लिए आप पानी में बेकिंग सोड़ा का घोल बना लें। अब आप इस पानी में सूती कपड़ा डालकर अंडरआर्म को साफ कर सकते हैं। ऐसा करने से पसीने से बदबू आनी बंद हो जाएगी।



# भीषण गर्मी में कैसे रखें शिशु की सेहत का ख्याल?

## 'बच्चों की डॉक्टर' से जान लें ये 4 जरूरी बातें



गर्मी का मौसम अपने चरम पर है। ऐसे में इस दौरान खासकर बच्चों की सेहत का ख्याल रखना और जरूरी हो जाता है। बड़ों के मुकाबले बच्चों की त्वचा काफी ज्यादा नाजुक और संवेदनशील होती है, साथ ही वे बीमार भी जल्दी पड़ने लगते हैं। इसी कड़ी में हाल ही में 'बच्चों की डॉक्टर' के नाम से मशहूर डॉक्टर माधवी भारद्वाज ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट शेयर कर गर्मी के मौसम में बच्चों की सेहत का ख्याल रखने के लिए 4 जरूरी टिप्स बताई हैं, आइए जानते हैं इनके बारे में-

### टिप नंबर 1

#### कैसे रखें स्किन का ख्याल?

डॉ. के मुताबिक गर्मी में शिशु की स्किन पर छोटे-छोटे रैशेज या घमौरियां होना आम बात है। ऐसे में अक्सर मां-बाप का सवाल होता है कि क्या इन रैशेज या घमौरियों से निजात पाने के लिए पाउडर का इस्तेमाल किया जा सकता है?

इस सवाल का जवाब देते हुए डॉक्टर भारद्वाज बताती हैं कि पाउडर बच्चों की स्किन के लिए हानिकारक हो सकता है, साथ ही ये मासूम की सेहत को भी कई तरह से नुकसान पहुंच सकता है।

डॉ. के मुताबिक, 'जब आप बच्चों को पाउडर लगाते हैं, तो उसके छोटे-छोटे पार्टिकल्स नाक या मुंह के जरिए बच्चों के लंग्स में जमा हो सकते हैं, जिससे उन्हें कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा खासकर टैल्कम पाउडर में एस्बेस्टस हो सकता है, जिसे कैंसर के खतरे से जोड़कर देखा जाता है। ऐसे में पाउडर के इस्तेमाल से पूरी तरह दूरी बना लें।'

### टिप नंबर 2

#### फिर क्या करें?

डॉक्टर भारद्वाज मासूम को 24 डिग्री से लेकर 28 डिग्री के टेंपरेचर में रखने की सलाह देती हैं। टेंपरेचर मैनेज करने के लिए आप एसी, पंखा या कूलर किसी का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। हालांकि, ध्यान रहे कि इस दौरान बच्चे के चेहरे पर सीधे हवा न लगे।



### टिप नंबर 3

#### हाइड्रेशन

डॉ. भारद्वाज 6 महीने से बड़े बच्चे को दिन में कई बार पानी पिलाने की सलाह देती हैं। डॉ. के मुताबिक, आप दिन में कई बार चम्मच की मदद से बच्चे को थोड़ी मात्रा में पानी पिला सकते हैं। इससे हाइड्रेशन बनाए रखने में मदद मिल सकती है। इससे अलग आप उन्हें कम मात्रा में नारियल पानी, छाछ, नींबू पानी आदि पिला सकते हैं। हालांकि, कोल्ड ड्रिंक, फ्रूट जूस या बाजार में मिलने वाली किसी भी सोफ्ट ड्रिंक के सेवन से मासूम को दूर रखें।

### टिप नंबर 4

#### कपड़ों पर दें ध्यान

इन सब से अलग डॉक्टर माधवी भारद्वाज गर्मी में बच्चों को कॉटन के ढीले कपड़े पहनाने की सलाह देती हैं। अगर बच्चा चिड़चिड़ा हो रहा है या बार-बार रो रहा है, तो इसका एक कारण ज्यादा कपड़े पहनाना भी हो सकता है।

ऐसे में इन छोटी-छोटी लेकिन जरूरी बातों को ध्यान में रख आप गर्मी के मौसम में अपने बच्चे की सेहत का ख्याल रख सकते हैं।

## रामबाण से कम नहीं है सहजन का सूप पीना, घर पर ऐसे बनाएं मोरिंगा सूप



हेल्दी और फिट रहने के लिए बेहद फायदेमंद है सहजन का सूप। सहजन जिसे मोरिंग के नाम से भी जाना जाता है। यह एक सुपरफूड है जिसके सेवन से सेहत को काफी फायदे मिलते हैं। आइए आपको बताते हैं इसे कैसे बनाएं।

मोरिंगा किसी सुपरफूड से कम नहीं है। इसको सहजन के नाम से भी जाना जाता है, इसमें कई पोषक तत्व पाएं जाते हैं। मोरिंगा के हेल्थ बेनिफिट्स के बारे में हम सभी ने काफी सुना है। मोरिंगा के फैन तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी है। पीएम हमेशा ही इसे खाने की सलाह देते हैं और इसे अपनी डाइट में जरुर शामिल करें। आपको इसको अपनी डाइट में शामिल करने के लिए गर्मियों सहजन का सूप बनाकर पी सकते हैं, जो काफी हेल्दी भी होता है। आइए आपको इसकी रेसिपी बताते हैं।

#### सहजन सूप के लिए सामग्री

- सहजन
- धनिया
- प्याज
- अदरक
- टमाटर
- लहसुन
- नमक
- काली मिर्च
- हरा धनिया
- घी
- जीरा

#### सहजन सूप बनाने की विधि

सहजन सूप बनाने के लिए आप सहजन को पहले अच्छें धो लें। अब इसको छीलकर रेशे निकाल लें। इसको टुकड़ों में काटकर कुकर में डालें। अब इसमें कटा टमाटर, प्याज, लहसुन, अदरक के टुकड़े, नमक और थोड़ा सा हरा धनिया डालें। थोड़ा-सा पानी मिलाकर सीटी लगा लें। सीटी लग जाने के बाद उबली सब्जियों को ठंडा होने के बाद मिक्सर में पीस लें। इसके पल्प आपको छन्नी छान लें। इसमें अब पानी मिलाएं और गैस पर उबलने रख दें। सूप जब उबाल जाए तो काली मिर्च, नींबू और धनिया डालकर पी सकते हैं। अगर तड़का लगना है तो घी में जीरा चटाकाकर ऊपर से डाल सकते हैं। यह लीजिए तैयार है आपका मोरिंगा सूप।



## अब गर्मियों में गर्म नहीं होगी आपकी किचन, बस फॉलो करें ये गजब के हैक्स

**गर्मियों के मौसम में अक्सर किचन का तापमान बढ़ा हुआ रहता है। जिस कारण से खाना बनाने में भी काफी मुश्किल आता है। इस लेख हम आपको कुछ टिप्स देने जा रहे हैं, जो आपके काम आ सकते हैं। आइए आपको इन उपायों के बारे में बताते हैं।**

भारतीय कल्चर में किचन को अक्सर घर का दिल माना जाता है, लेकिन गर्म महीनों या लंबे समय तक खाना पकाने के दौरान, यह जल्दी ही घर के सबसे गर्म कमरों में से एक बन सकती है। अत्यधिक गर्मी न केवल खाना पकाने को असुविधाजनक बनाती है बल्कि आपके किचन में बिजली लागत भी बढ़ा सकती है क्योंकि आपका चिमनी ओवरटाइम काम करता है। क्या आप भी गर्मी और गर्म तापमान से निपटना चाहते हैं, तो आप गर्मी को मात देने के लिए इन गजब के हैक्स को जरुर फॉलो करें। इस लेख में हम आपके लिए ऐसे कूल हैक्स लेकर आएं जिससे आप अपनी रसोई को ठंडा रख सकते हैं।

#### चिमनी और एग्जॉस्ट फैन का सही इस्तेमाल करें

» गर्मी से निपटने के लिए आप चिमनी को तेज स्पीड पर चलाएं, खासतौर पर जब आप फ्राई या ग्रिल खाना बना रहे हों।

» एग्जॉस्ट फैन को खाना बनाने से पहले और बाद में कुछ मिनट तक जरुर चलाएं।

» यदि चिमनी नहीं है, तो आप खिड़कियों के पास टेबल फैन रखकर गर्म हवा बाहर निकाल दें।

#### किचन की खिड़कियों को दोपहर बंद रखें

गर्मियों के दौरान आपकी किचन में आने वाली सीधी धूप आपकी रसोई को भट्टी बना देगा इसलिए दोपहर के समय खिड़कियां बंद रखें।

» दोपहर के समय 12 से 4 बजे तक खिड़कियां बंद रखें।

» यदि आपके किचन में पंखा एग्जॉस्ट फैन है, तो उसका प्रयोग करें जिससे गर्मी बाहर निकलें।

» शाम के समय खिड़कियों को खोलकर रखें, जिससे ताजी हवा अंदर आए।

#### किचन कूलिंग मिस्ट का प्रयोग करें

» किचन कूलिंग मिस्ट बनाने के लिए आप एक स्प्रे बोतल लें और उसमें ठंडा पानी, पुदीने का अर्क और गुलाब जल मिला लें।

» फिर आप इसमें कुछ बूंदें यूकेलिप्टस या पिपरमिंट ऑयल डालें, जिससे ठंडक और भी बढ़ जाएगी।

» इस स्प्रे को आप किचन दीवारों और काउंटरटॉप पर छिड़क सकते हैं।

#### एल्युमिनियम फॉयल से धूप को रोकें

» इसके लिए आप खिड़की की कांच पर एल्युमिनियम फॉयल चिपकाएं, जिससे सूरज की रोशनी को रिफ्लेक्ट किया जा सके और गर्मी अंदर न आए।

» इसे आप डबल टेप या पानी से हल्का गीला करके आसानी से कांच पर लगाया जा सकता है।

» फॉयल की चमकदार सतह धूप को वापस बाहर भेज देती है, जिससे किचन का तापमान कम हो जाता है।



# सिनेमाघरों में रिलीज को तैयार आमिर खान की 'सितारे जमीन पर'




**अभिनेता** आमिर खान की अपकमिंग फिल्म सितारे जमीन पर सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। ताजा जानकारी के साथ आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर स्टारकास्ट के साथ ही बताया कि फिल्म सिनेमाघरों में कब दस्तक देगी। प्रोडक्शन हाउस ने फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर कैप्शन में लिखा, प्यार और खुशी का जश्न मनाती एक फिल्म 'सितारे जमीन पर' 20 जून को सिनेमाघरों में आ रही है। 'सितारे जमीन पर' के फर्स्ट पोस्टर में आमिर खान के साथ दस और सितारे नजर आए। इन नए चेहरों के नाम सम्वित देसाई, वेदांत शर्मा, गोपी कृष्ण वर्मा, अरूष दत्ता, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शाहानी, ऋषभ जैन, सिमरन मंगेशकर और नमन मिश्रा हैं। बता दें, अपकमिंग फिल्म के साथ आमिर खान लंबे समय के बाद बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं।



# ठग लाइफ से सामने आया तृषा कृष्णन का लुक, एक्ट्रेस के 42वें जन्मदिन पर फैंस को मिला बड़ा सरप्राइज

**साउथ** अभिनेत्री तृषा कृष्णन ने 04 मई को अपना जन्मदिन मनाया। इस मौके पर पहले विश्वम्भरा के निर्माताओं ने फिल्म से तृषा का शानदार लुक शेयर किया। विश्वम्भरा के बाद अब तृषा की फिल्म ठग लाइफ से उनका एक लाजवाब लुक सामने आया है।

टर्मरिक मीडिया ने आज कुछ ही देर पहले तृषा कृष्णन की आगामी फिल्म ठग लाइफ से उनका एक शानदार लुक शेयर किया है। फिल्म के इस लुक में तृषा कुछ सोचती नजर आ रही हैं। व्हाइट शर्ट के साथ रेड स्कर्ट में तृषा सिंपल और खूबसूरत नजर आ रही हैं। वह सीढ़ी पर बैठी किसी गहन विचार में लीन नजर आ रही हैं और इस लुक के साथ पोस्टर पर लिखा है- हैप्पी बर्थ डे तृषा। इस तस्वीर में तृषा के पीछे खुला आसमान दिखाई दे रहा है।

टर्मरिक मीडिया ने कुछ ही देर पहले इंस्टाग्राम पर तृषा का ठग लाइफ से एक लुक शेयर किया है, जिसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, ठगों की दुनिया से दिलों की रानी तक - जन्मदिन मुबारक तृषा कृष्णन, हैप्पी बर्थडे तृषा, ठगलाइफ, ठग लाइफ फ्रॉम, जून5 कमल हासन। फिल्म का निर्माण मणिरत्नम करेंगे और इस फिल्म का संगीत ए आर रहमान तैयार करेंगे।

ठग लाइफ में कमल हासन और तृषा कृष्णन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। मणिरत्नम और एआर रहमान की जोड़ी ठग लाइफ फिल्म में एक साथ काम कर रही है। ठग लाइफ 5 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह गैंग्स्टर एक्शन ड्रामा फिल्म है। फिल्म का निर्देशन मणिरत्नम कर रहे हैं। इस फिल्म को कमल हासन और मणिरत्नम ने मिलकर लिखा है। फिल्म में कमल हासन और तृषा के अलावा सिलाम्बरासन, अशोक सेलवन, नस्सर, अली फजल, पंकज त्रिपाठी सान्या मल्होत्रा और ऐश्वर्या लक्ष्मी भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।



# घुटनों में असहनीय दर्द के बाद भी नहीं मानी हार

साउथ इंडस्ट्री और हिंदी फिल्मों में अपने मजबूत किरदारों से पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस रितिका सिंह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उन्होंने अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह अपनी फैट-टू-फिट जर्नी दिखा रही हैं। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने अपने घुटनों की चोट के बावजूद वजन घटाया और फिर से पुरानी फिगर हासिल की। रितिका सिंह ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसकी शुरुआत में उन्होंने बताया कि उनका वजन बढ़ गया था और वह 72 किलो तक पहुंच गई थीं। इसके बाद वीडियो में उन्होंने दिखाया कि कैसे उन्होंने वर्कआउट करके, मेहनत और लगन से अपना वजन घटाया और फिर से फिट शेप में वापस लौट आईं। वीडियो को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा, पिछले तीन महीने मेरे लिए बेहद बदलाव भरे रहे। सिर्फ इसलिए नहीं कि मेरा वजन बहुत बढ़ गया था, बल्कि इसलिए भी कि मेरे घुटनों की पुरानी चोटें और दर्द देने लगी थीं। दर्द इतना ज्यादा था कि मैं ठीक से चल भी नहीं पा रही थी, किक मारना या डांस करना भी मुश्किल हो गया था। तभी मैंने आईने में खुद को देखा और खुद से कहा कि बस बहुत हो गया, अब खुद को पूरी तरह बदलने का वक्त आ गया है। इस दौरान सामने आई चुनौतियों के बारे में बताते हुए उन्होंने आगे लिखा, मैंने अपनी लाइफस्टाइल में कई बड़े बदलाव किए, जैसे डाइट, एक्सरसाइज, और रूटीन में सुधार किया... लेकिन मेरे लिए सबसे बड़ा बदलाव कुछ छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देना था, जो अक्सर छोटी और बेकार लगती हैं, लेकिन असल में सबसे ज्यादा असर उन्हीं चीजों ने डाला। उदाहरण के तौर पर ऐसी चीज़ें हो सकती हैं. एक्ट्रेस ने पोस्ट के आखिर में कहा, मैं इस बारे में और बात करना चाहूंगी, क्योंकि मुझे सच में लगता है कि ये कई लोगों की मदद कर सकता है, ताकि वे न सिर्फ बेहतर दिखें, बल्कि सबसे जरूरी बात बेहतर महसूस भी करें। वर्कफ्रंट की बात करें तो रितिका हाल ही में सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन में नजर आईं। इस फिल्म में उन्होंने एएसपी रूपा किरण का रोल निभाया। इस किरदार में वे रजनीकांत के साथ काम करती हैं, यानी उनकी टीम का हिस्सा हैं।



# मैं कॉफी शॉप भी साड़ी पहनकर जाती हूं, ये मेरा पसंदीदा परिधान: लक्ष्मी मांचू

## 'फूलमती' बनीं नीना गुप्ता, तस्वीर शेयर कर फैंस को दिखाई झलक

बधाई हो, पंचायत जैसे मनोरंजन से भरपूर फिल्म और वेब सीरीज में काम कर दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाने वाली अभिनेत्री नीना गुप्ता सोशल मीडिया पर फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। इसी कड़ी में नीना ने आइवरी कलर की साड़ी में लेटेस्ट



तस्वीर शेयर की। खूबसूरत तस्वीर के साथ किसी चीज ने ध्यान खींचा तो वो है उनका खुद को दिया नाम! इंस्टाग्राम पर अपनी खूबसूरत तस्वीर को शेयर करते हुए नीना ने कैप्शन में लिखा, फूलमती। आइवरी कलर की साड़ी के साथ वह गोल्डन ज्वेलरी में बेहद प्यारी लगीं, जिसे देखकर उनके फॉलोअर्स तारीफ करने से खुद को रोक नहीं सके। एक यूजर ने लिखा, खूबसूरत। दूसरे ने तारीफ करते हुए लिखा, आप खूबसूरत के साथ स्टाइलिश भी हैं। तीसरे यूजर ने लिखा, आप स्टनिंग हैं। इससे पहले भी नीना अपने पति विवेक मेहता की बर्थडे पार्टी में यही साड़ी पहने दिखी थीं। काम की बात करें तो नीना गुप्ता हाल ही में फिल्म आचारी बा में नजर आईं, जिसमें उन्होंने एक उद्यमी की भूमिका निभाई है। हार्दिक गज्जर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में नीना का किरदार एक मां और दादी का है, जो परिवार में अनदेखी का शिकार है।

**भारतीय** अभिनेत्री, फिल्म निर्माता और साउथ के साथ ही अमेरिकी टेलीविजन में काम कर चुकीं लक्ष्मी मांचू ने बताया कि उन्हें साड़ी से खास लगाव है। यह उनका पसंदीदा परिधान है। साड़ी के प्रति अपने प्रेम का इजहार करते हुए अभिनेत्री ने बताया कि वह ऐसी महिला हैं, जो कॉफी शॉप में भी साड़ी पहनकर जाती है। लक्ष्मी मांचू 'मेक इन इंडिया' के तहत एक इवेंट में शामिल हुईं, जिसमें कांचीपुरम, कोटा साड़ियों के अलावा देश के अन्य हिस्सों के कपड़े देखने को मिले। लक्ष्मी ने कहा, मुंबई में असली जरी नहीं मिलती है। मैंने मास्टर कारीगरों से मिलकर असली जरी खरीदी और उनसे अपनी खास साड़ी तैयार कराई। मैंने कलमकारी डिजाइन भी हाथ से बनाए, जिसके बारे में बुनकरों ने खुद कहा कि उन्होंने यह पहले कभी नहीं देखा था। लक्ष्मी ने बताया कि साड़ियां सबसे सुंदर परिधानों में से एक हैं, जो भारतीय परंपराओं और संस्कृति के सार को दिखाती हैं। उन्होंने कहा, मैं ऐसी महिला हूं जो मुंबई में कॉफी शॉप में भी साड़ी पहनकर जाती है, क्योंकि मेरे लिए यह सबसे सुंदर और पसंदीदा परिधान है। मेरा मानना है कि हमें अपने पहनावे के माध्यम से अपनी परंपराओं और संस्कृति को दुनिया के सामने लाना चाहिए। साड़ी दुनिया भर में पसंद की जाती है। लक्ष्मी मांचू मशहूर अभिनेता मोहन बाबू की बेटी हैं। उन्होंने अमेरिकी टेलीविजन सीरीज 'लास वेगास' से अभिनय की शुरुआत की थी, जिसमें उन्होंने जेम्स लेसुरे की प्रेमिका की भूमिका निभाई थी। इसके बाद अभिनेत्री 'लेट नाइट्स विद माई लवर' और 'मिस्ट्री ईआर', यक्षिणी जैसी सीरीज में भी काम कर चुकी हैं।


# सहजता के साथ हर किरदार में फिट बैठ जाते थे इरफान, पीकू में दिखा असली रूप: शूजित सरकार



'पीकू', 'गुलाबो सिताबो', 'मद्रास कैफे' जैसी फिल्मों का निर्माण करने वाले निर्माता-निर्देशक शूजित सरकार का मानना है कि पीकू में दिवंगत अभिनेता इरफान खान ने कमाल का अभिनय किया था। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि 'पीकू' में इरफान का रोमांटिक अंदाज सामने आया, जिसे उन्होंने पहले कभी नहीं देखा था। शूजित ने बताया कि इरफान सहजता के साथ हर किरदार में फिट बैठ जाते थे। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता शूजित सरकार ने कहा कि उन्होंने इरफान खान को पहले कभी उस तरह नहीं देखा जैसा कि वह पीकू में निखर कर आए। उन्होंने कहा कि फिल्म में दिवंगत अभिनेता के अभिनय ने स्टार के उस पक्ष को दिखाया, जिसे वह पहले कभी नहीं देख पाए थे। जब शूजित से पूछा गया कि इरफान ने अपनी भूमिका में कॉमेडी और इमोशंस को कैसे बैलेंस किया, तो शूजित ने बताया, इरफान खान सहज अभिनेता थे। वह ताजगी और एनर्जी के साथ सेट पर आते थे। पीकू में वह गजब के आकर्षक लगे। मैंने जितनी भी फिल्में देखी हैं, उनमें से किसी में भी वह ऐसे नहीं दिखे थे। शूजित ने आगे कहा, पीकू में उनकी हर चीज शानदार है। वह ऐसा मौका ही नहीं देते कि आप 'राणा' से प्यार न करें। इस फिल्म में असली इरफान सामने आया। रोमांटिक इरफान।

**'पीकू' 9 मई को सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होने वाली है।**

कॉमेडी ड्रामा में अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण और इरफान खान के साथ मौसमी चटर्जी, जीशु सेनगुप्ता और रघुबीर यादव भी अहम भूमिकाओं में हैं। 8 मई को पीकू रिलीज के 10 साल पूरे करने जा रही है। शूजित ने 2005 में रोमांटिक वॉर ड्रामा यहां से निर्देशन की शुरुआत की थी। उन्होंने 2012 में फिल्म विक्की डोनर से सुर्खियां बटोरीं। इसके एक साल बाद उन्होंने मद्रास कैफे बनाई। उनकी होम प्रोडक्शन, लीगल थ्रिलर पिंक ने अक्टूबर और अमेजन प्राइम वीडियो की कॉमेडी गुलाबो सिताबो का निर्देशन और निर्माण किया। सरकार ने 2021 में सरदार उधम बनाई थी, जिसे लेकर उनकी खूब तारीफ हुई।



# खलनायक बन दहशत फैलाएंगे अक्षय कुमार



**अक्षय** कुमार और सैफ अली खान 17 साल बाद मलयालम हिट ओप्पम के हिंदी रीमेक में साथ नजर आएंगे। वहीं अब फिल्म में दोनों के किरदारों के बारे में जानकारी सामने आई है। बॉलीवुड के दो दिग्गज सितारे, अक्षय कुमार और सैफ अली खान 17 साल के लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर बड़े पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं। खबर है कि दोनों 2016 की सुपरहिट मलयालम फिल्म ओप्पम के हिंदी रीमेक में काम करेंगे, जिसमें मूल रूप से मोहनलाल ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म को लेकर ताजा अपडेट्स ने फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार अक्षय कुमार एक खतरनाक विलेन की भूमिका में नजर आएंगे, जबकि सैफ अली खान लीड रोल में होंगे। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

# मेट्रो स्टेशन, मॉल, स्कूल, अस्पताल और एनटीपीसी में मॉक ड्रिल

## हवाई हमले से बचने के लिए यह सिर्फ एक अभ्यास है, असली घटना नहीं : डीएम







**नोएडा (चेतना मंच)।** भारत और पाकिस्तान के बीच उत्पन्न तनाव की स्थिति को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देश पर आम जनमानस को हवाई हमले के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस, प्रशासन, सुरक्षा एजेंसियों, मेडिकल टीम तथा अन्य विभाग द्वारा जनपद में स्कूलों, विश्वविद्यालयों, अस्पतालों, एल जी कंपनी, हेयर कंपनी, गौर सिटी मॉल, मेट्रो स्टेशन बोटैनिकल गार्डन तथा एनटीपीसी दादरी में मॉकड्रिल कराया गया।

पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन एवं सुरक्षा एजेंसियों द्वारा नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) दादरी में हवाई हमले से बचाव के लिए मॉकड्रिल किया गया। जिलाधिकारी ने प्रशासन, पुलिस, फायर ब्रिगेड, मेडिकल टीम एवं सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों से कहा कि यह मॉकड्रिल इस उद्देश्य से की गई है कि हमला होने की स्थिति में समस्त संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए इस प्रकार कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे की कोई भी जनहानि या संसाधन इससे प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि हवाई हमले की स्थिति में सूझबूझ के साथ स्थिति को संभालना है व सुरक्षित रहने का हर संभव प्रयास करना है। घबराहट, भगदड़ आदि परिस्थितियां उत्पन्न न होने दें। मॉक ड्रिल, टीवी, रेडियो, समाचार पत्रों, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से ऐसी परिस्थितियों से बचाव के उपाय देखें।

जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से कहा कि हवाई हमले की आशंका को ध्यान में रखते हुए यह मॉकड्रिल कराया गया है तथा आप लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है।

इसी कड़ी में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में जनपद के दिल्ली पब्लिक स्कूल नोएडा, कोठारी इंटरनेशनल स्कूल नोएडा, इंडस वैली पब्लिक स्कूल नोएडा, मिहिर भोज इंटर कॉलेज दादरी, एमिटी इंटरनेशनल स्कूल नोएडा तथा अन्य स्कूलों में भी हवाई हमले से बचाव हेतु मॉक ड्रिल करते हुए छात्र-छात्राओं को हवाई हमले के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां के विषय में विस्तार से बताया गया।

मॉक ड्रिल के दौरान एनटीपीसी दादरी में अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, डीसीपी शादी मियां खान, मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार, सीआइएसएफ सिक्योरिटी विंग आर पी सिंह, सीआईएसएफ फायरिंग एस के मिश्रा, स्टेट फायर विंग, बीडीडीएस व डॉग स्क्वाट, एनटीपीसी मेडिकल स्टाफ, एनटीपीसी जीएम गुरु प्रसाद सिंह तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## एमिटी इंटरनेशनल स्कूल में मॉक ड्रिल



**नोएडा (चेतना मंच)।** माध्यमिक शिक्षा परिषद् गौतमबुद्ध नगर के दिशा निर्देश पर युद्ध की स्थिती के दौरान स्वंय को सुरक्षित रखने के अभ्यास (मॉक ड्रिल) का एमिटी इंटरनेशनल स्कूल नोएडा में आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्रों के साथ शिक्षको और कर्मचारियों ने भी इस मॉक ड्रिल में हिस्सा लिया।

एमिटी इंटरनेशनल स्कूल नोएडा की प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि इस मॉक ड्रिल के अंर्तगत छात्रों को युद्ध के दौरान सायरन बजते ही बेंच के नीचे बैठने या बेंसमेंट में स्वंय को सुरक्षित करने, आग लगने पर उन्हे बुझाने के तरीके, घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाने के लिए स्टेचर या उठा कर ले जाने के तरीके आदि का अभ्यास कराया गया। इस मॉक ड्रिल का उददेश्य छात्रों को आपात स्थिती के लिए तैयार करना है।



## नोएडा में जारी हुआ हाई अलर्ट, परखी गई सुरक्षा की तैयारियां





**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा कमिश्नरी पुलिस ने नोएडा (गौतमबुद्धनगर) हाई अलर्ट जारी कर दिया है। भारत की सेना के द्वारा किए गए ऑपरेशन सिन्दूर के बाद नोएडा को हाई अलर्ट मोड में रखा गया है। नोएडा पुलिस कमिश्नरी के अधिकारियों ने नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा के मॉल, स्कूलों तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में मॉक ड्रिल करके नोएडा की सुरक्षा व्यवस्था का पूरा जायजा लिया है। अगले आदेश तक नोएडा में हाई अलर्ट का आदेश जारी रहेगा।

नोएडा पुलिस कमिश्नरेट को हाई अलर्ट पर रखते हुए बुधवार को नोएडा में कई अहम स्थानों पर मॉक अभ्यास किया गया। गौड़ सिटी मॉल में आयोजित मॉक ड्रिल के दौरान सायरन बजते ही मॉल की बिजली बंद कर दी गई। मॉल में मौजूद लोगों को तुरंत सतर्क कर बाहर निकाला गया। इस दौरान बम निरोधक दस्ते (BDS) और नोएडा की पुलिस टीम पूरी तरह सक्रिय रही। मौके पर फायर ब्रिगेड भी पहुंची और इवैक्यूएशन प्लान के तहत रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया गया।

सिर्फ मॉल ही नहीं, नोएडा के अनेक स्कूलों में भी इस अभियान के तहत विशेष ड्रिल्स कराई गईं। नोएडा शहर के सेक्टर-12 स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में फायर सेफ्टी टीम ने बच्चों को आग लगने की स्थिति में सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि आपदा के समय कैसे खुद को और दूसरों को सुरक्षित निकाला जाए। नोएडा पुलिस कमिश्नरी में तैनात डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति अवस्थी ने बताया कि ऐसे अभ्यास लोगों को सजग बनाने के लिए जरूरी हैं। हम चाहते हैं कि हर नागरिक किसी भी आपात स्थिति से निपटने में सक्षम हो। उन्होंने बताया कि बिसरख थाना क्षेत्र के गौड सिटी मॉल में पुलिसकर्मियों द्वारा मॉक ड्रिल किया गया तथा लोगों को सुरक्षित रहने के उपाय बताए गए।

गौतमबुद्धनगर जिला प्रशासन का कहना है कि इस तरह की मॉक ड्रिल्स से आम नागरिकों को न केवल सतर्क किया जा रहा है, बल्कि सुरक्षाबलों की तत्परता की भी परीक्षा ली जा रही है। आने वाले दिनों में अन्य प्रमुख स्थानों पर भी इस तरह के अभ्यास जारी रहेंगे।

## सोरखा में प्राधिकरण की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले चार लोगों पर मुकदमा

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के गांव सोरखा में नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित भूमि पर अवैध कब्जा करके निर्माण किया जा रहा है। प्राधिकरण के अवर अभियंता ने चार नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।




नोएडा प्राधिकरण के अवर अभियंता निखिल मित्तल ने पुलिस को बताया कि गांव सोरखा में खसरा संख्या-282 में प्राधिकरण की अधिसूचित क्षेत्र की भूमि है। आरोप लगाया कि भूमि पर संदीप, लाल सिंह और अन्य निवासी गांव सर्फाबाद द्वारा अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा है। अवैध निर्माण को रुकवाने के लिए भूलेख विभाग और वर्क सर्किल स्तर पर कई बार प्रयास किया गया, लेकिन अवैध निर्माण कार्य नहीं रोका जा रहा था। अवैध निर्माण करने वाले आरोपी रात के अंधेरे में चोरी-छिपे निर्माण करा रहे हैं। अधिसूचित जमीन पर चेतावनी बोर्ड लगा होने के बावजूद आरोपी अवैध रूप से निर्माण करा रहे हैं। इसी तरह गांव सोरखा में खसरा संख्या-354 में प्राधिकरण की अधिसूचित भूमि है। इस भूमि पर कृपाल, सुरेंद्र और कुछ अन्य लोग अवैध रूप से निर्माण कार्य करा रहे हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि प्राधिकरण की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## उद्यान निदेशक से मिले सेक्टर-117 आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-117 से संबंधित समस्याओं के संबंध में आरडब्ल्यूए ने उद्यान विभाग



के डायरेक्टर आनंद मोहन सिंह से मुलाकात की। जिसमें सेक्टर की सभी ग्रीन बेल्टस/पार्कों के लिए बैन्च, बच्चों के खेलने/झूलने हेतु मल्टीपल झूले, ग्रीन बेल्टस की टूटी हुई फेन्सिंग को दुरस्त करने, पार्क में डस्टबीन की संख्या बढाने व मानसून पूर्व सेक्टर में पेडों की प्रूनिंग आदि पर विस्तार से चर्चा की गई है।

डायरेक्टर आनंद मोहन सिंह द्वारा शीघ्र ही उपरोक्त सभी का जल्द-से-जल्द निराकरण कराने हेतु आश्वस्त किया है।

प्रतिनिधिमंडल में आरडब्ल्यूए अध्यक्ष कोसिंदर यादव, सचिव हर्ष मोहन जखमोला, कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार पाठक शामिल रहे।

## मुठभेड़ में दो शातिर बदमाश दबोचे, एक गोली से हुआ लंगड़ा

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा में हथियारों से लैस होकर चोरी की मोटरसाईकिल से लूट, गांजा की तस्करी व बाइक चोरी करने वाले एक गिरोह के दो शातिर बदमाशों को आज थाना फेस-1 पुलिस ने दिन-दहाड़े एक मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। इसमें से एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हुआ है। दोनों बदमाशों के खिलाफ जनपद के विभिन्न थानों में 14 मुकदमें दर्ज है। दोनों बदमाश सगे भाई बताये जा रहे हैं।

थाना फेस-1 क्षेत्र में पुलिस व बदमाशों के बीच दिन-दहाड़े हुए मुठभेड़ के बारे में जानकारी देते हुए एडीसीपी नोएडा सुमित कुमार शुक्ला ने बताया कि आज दोपहर को थाना फेस-1 पुलिस द्वारा सेक्टर-14 के नाले के पास संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन की चेकिंग की जा रही थी।

इसी दौरान दिल्ली की तरफ से एक स्प्लेंडर मोटर साइकिल पर सवार 2 व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए। जिन्हें पुलिस टीम द्वारा रूकने का इशारा किया गया। उक्त मोटर साइकिल सवार वापस पीछे मोड़कर सेक्टर-14 के पीछे से दिल्ली की तरफ जाने वाले गंदे नाले की पटरी पर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर अचानक मोटर साइकिल सवार व्यक्ति की मोटर साइकिल फिसल कर गिर गई।



अपने आप को पुलिस से घिरता देख बदमाशों ने अपने पास लिए तमंचे से पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। जिसकी पहचान नीरज पुत्र दर्शन के रूप में हुई है।

एडीसीपी ने बताया कि बदमाश के दूसरे साथी को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया जिसकी पहचान सूरज पुत्र दर्शन के रूप में हुई है। अभियुक्त नीरज के कब्जे से एक तमंचा 32 बोर तथा एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ।

अभियुक्तों के कब्जे से चोरी व लूट के 2 मोबाइल, चोरी की एक मोटर साइकिल बरामद हुई है। जिसके संबंध में थाना सरायख्वाजा फरीदाबाद हरियाणा में अभियोग पंजीकृत है। उन्होंने बताया कि घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

अभियुक्त नीरज के विरूद्ध लगभग 8 अभियोग पंजीकृत है व अभियुक्त सूरज के विरूद्ध लगभग 6 मुकदमें पंजीकृत है। अभियुक्तों के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही हैं।

